स्वधर्मिणी सहचारिणी, कॉता माने पति खास । जिस गृहमें हो ऐसी वृत्ति, तहां सुख सम्पति वास । उच्चवतवि करण हारी ॥ उसी कुलकी महिमा भारी ॥ २ ॥ कुलटा होवे जो नारी, फिरे वह कुत्ती ज्यों मारी । पति दे घरसे निकारी, जन्म भर रहे वह दुखियारी ॥

❀ दोहा ❀

लात घुम्मा खावतां, वीते दिन और रात । अपयश फैले मुल्क में कोई, लोक कहे वद जात ॥ ऐसी की सॅगति देवे टारी ॥ उसी कुलकी महिमा भारी ॥ ३ ॥ करे नहीं किसी

पुरुष से हास्य, कभी नहीं रहे वह होय उदास।
विद्या का करती रहे, अभ्यास, पढे वह सीताका
इतिहास ॥

ॐ दोहा ॐ

रावण ने सँकट दिया, बोला काम वचन।
निज धर्म छोड़ा नहीं उनने, रक्खा शील रत्न।
जगत में बात हुई जारी ॥ उसी कुलकी महिमा
भारी ॥ ४ ॥ फिर पद्मिणि का सुनो जिकर,
बादशाह आया ले लश्कर। लड़ाई करी चित्तौ-
ड़गढ़ पर, सती मरी अग्नि बीच पड़कर ॥

ॐ दोहा ॐ

ऐसी कई कामएयां, शील में रहीं अडोल।
गुरू हीरालाल प्रसाद चौथमल, देवे शिक्षा तौल ॥
उत्तम झट लेवे हृदय धारी ॥ उसी कुलकी
महिमा भारी ॥ ५ ॥

—इति—

॥ उपदेश लावणी ॥

सुझ दोष नहीं देना किस्कुं कर्म लिखा सो थावेगा, जो जिनवर का भजन करेगा सो भव २ सुख पावेगा ॥ टेर ॥ मनुष्य जन्म मुशकल से पाया योंही इसको खोवेगा, सुकृत करनी किया बिना चेतन, परभव मांहे रोवेगा, वार २ सतगुरु समजावे मोह नींद में सोवेगा, विन कमाई खाली हाथे टुक २ सामे जोवेगा, सुकृत धर्म दान जो करता सो तेरे संग आवेगा ॥ जो० ॥ १ ॥ देवगती में देख देवता ओछी रिद्धि वाला धणी, भुर २ करके पिंजर होवे, नहीं सुकृत की करणी, हाय २ कर ऊमर गमाई पाप मांय बुद्ध फेली घणी, किंचित पुन्य से देवगती में पदवी

अभोगी देवतणी, गज एरावण देवता होके इंद्र को सिर बेठावेगा ॥ जो० ॥ २ ॥ मनुष्य भव में वसुदेव और चक्रवृत का पद मोटा, बडे २ नरेन्द्र देवता लेते हैं जिनका ओटा, चऊदे रत्न और नवि निधान से किसि वस्तु का नहीं टोटा, कितने को तो अन्न नहीं मिलता पिणे को नहीं लोटा, जो छिण जावे सो नही आवे करणी विन पछतावेगा ॥ जो० ॥ ३ ॥ तिर्यंच गति में देखो अश्व गजकी पदवी पाया, सहश्र देवता सेवे जिनको, कोई जननी ऊनको जाया, केई भुखे प्यासे बंधे खुटे केइक वोज उठा लाया, निगोदकी तो वेदन सुण के थरर कालजा थर्राया, इम जाणी धरो दया दिल में तो दुःख सहु छुट जावेगा ॥ जो० ॥ ४ ॥ नर्कगति में देख वेदना परमाधामी देते है, वैर बदला वांधा जिसका फल भुगत कर लेते हैं, इम कर्मकी गत हे दुष्कर केवल ज्ञानी केते है, दुकृत से दुःख

सुकृत से सुख सर्वही जीव जंत लेते हैं, देश पंजाव के कसवे दसके में, केवलरिख पद गावेगा ॥ जो० ॥ ५ ॥

इति

तजो रे पक्षपात भाई, सुधारा की जो है चाई ॥ टेर ॥ लक्ष चौरासी को भुगत्या, जन्म और मरण करी वीत्या, संग सुगुरु को नहीं पायो, जिन मार्ग में नहीं आयो ॥ दोहा ॥ समकित विन यो जीवड़ो, भम्यो अनंत संसार, तारण वालों को नही, सो हृदय लेवो विचार ॥ मिलत ॥ हार नर भव को जो जाई, समकित विन दुःख

घणो पाई ॥ तजो० ॥१॥ काल अनंतो यों वीत्यो, धर्म विन रह गयो यों रीतो, देव और धर्म गुरु चीनो, रत्न संग तेरे ये तीनो ॥ दोहा ॥ विन करणी पछतायगा, पड़ा ममता के मांय, जन्म जरा और मरण मिटावण, लगे जीह्वा ही उपाय ॥ मिलत ॥ सोच हिरदे ध्यान लगाई, क्या प्रभु कहा सूत्र मांई ॥ तजो० ॥ २ ॥ वाड़ा ममत करी भरीया, पापसे जरा नहीं डरिया, हर्षसे हिरदा गहवरिया, राग और द्वेष चित धरिया ॥ दोहा ॥ महिमा पुजा का लोलपी, करे न हित विचार, इंद्रादिक यो होइजी, बडो पुजायो बहुवार ॥ मिलत ॥ पृथ्वी पाणी के मांई, उपज्यो तेहि फिर जाई ॥ तजो० ॥ ३ ॥ मानसे निची गती पावे, क्यो वृथा ऊमर गमावे, सुगणा चित ठाम लावे, पक्ष छोड़ शिव पंथ धावे ॥ ॥ दोहा ॥ ऊगणीसे छप्पन भला, स्यालकोट के मांय, केवलरिख की विनती, सुण जो चित

लगाय ॥ मिलत ॥ वैशाष सुद इग्यारस गाई, वार शुकर छे सुखदाई ॥ तजो ॥ ४ ॥

इति

॥ कलियुग की लावणी ॥

तारक धर्म जिनेश्वर केरो, विरला नर धारे; पाखंड मतनी पूजा होवे, मनुष्य जन्म हारे ॥ हलाहल कलियुग चल आयो रे ॥ ह० ॥ कूड कपट मत पाखंड करनें, जगने ठग खायो ॥ ह० ॥१॥ नगर ग्रामें ग्राम मसांणें राजा जम जैसा, वर्षा नही होवे मनमांनी; अल्प हुआ पैसा ॥ ह० ॥ ॥ २ ॥ वूज गाज नही रही राजमें, कामेती अलिया; कहो किसीका पोरा देवे, चोर कुटिया मिलिया ॥ ह० ॥ ३ ॥ झगड़े वेटो माल तात

सें, नहीं बंधव मुख बोले; साला सेती गूंज घणेरी, गुप्त बात खोले ॥ ह० ॥ ४ ॥ नारी कारण न्यारो होवे, मांगे सो लावे; वा नारी निज पतिनें छोडी, और पुरुष ध्यावे ॥ ह० ॥ ५ ॥ बूढेनें बेटी परणावे; लोभ दृष्टि जोवे; अल्प दिनां में हुवे ज दुखणी, निज पतिनें रोवे ॥ ह० ॥ ६ ॥ मुखमें न धोला सिर पर धोला, परणीजण चावे; कुलवंती कोई रहै कारमें, और बिगड़ जावे ॥ ह० ॥७॥ भला आदमी बहू सिधावे, पापीनो पोरो, दुखिया रानी उमर मोटी, सुखी जिवे थोड़ो ॥ ह० ॥ ८ ॥ दादो बैठा पोतो चल जावे, नही सर्व सुखी पावे; निर्धन के बहु बेटा बेटी, धनवंत तरसावे ॥ ह० ॥ ९ ॥ मुर्ष धन जोबन सूं गर्वे, छिनछिन आउ छीजे; रामचंद्र कहे हलाहल कलुमें, धर्म ध्यांन कीजे ॥ ह० ॥ १० ॥

इति

॥ सत्ययुगनी लावणी ॥

हलाहल कलियुग मत जांणो रे ॥ ह० ॥ वडे २ मुनिराज इसी में, तपसी गुण खांनो ॥ टेर ॥ मारग चलता भुंडो न दीसे, ए खरु उन्मांनो; अमृत पीते मुवो न सुणियो, ज्हेर न रखे प्रांनो ॥ ह० ॥ १ ॥ एक अधिकाई हद से जादा, विना धणी झूंझे; लाखां द्रव्य छोडी मुनि होवे, सिंघ परे गूंजे ॥ ह० ॥ २ ॥ दुजी अधिकाई सतयुग सेती, दुहिता दी जावे; नाके सल घाले नहीं तिल भर, नही ओगुण गावे ॥ ह० ॥ ३ ॥ लूलो पंगु अंग हीणो अंधो, रोगी कुष्टी वुढो; कुरुप वधिरादि पिता परणावे, धी न फेरे मूंढो ॥ ह० ॥ ४ ॥ अग्नि तेज सुरज प्रकाशा,

धरा निपजे धांनो; खांड गले पाले सुत माता, दाता देवे दांनो ॥ ह० ॥ ५ ॥ वचन प्रमाणे लाखां रुपिये, देते व्यौपारी, वर्षे वर्षा नदियां चलती, पतिव्रता नारी ॥ ह० ॥ ६ ॥ भगवत वचन प्रकाश जगत में, मेटे अंधारी; महाव्रत शुद्ध पाले सतजुगसा, करे तपस्या भारी ॥ ह० ॥ ७ ॥ करे न हिंसा वदे न मृषा, दत्त ले ब्रह्मचारी; अकिंचन रंच नही है ममता, समता दिल धारी ॥ ह० ॥ ८ ॥ सत पुरुषां रे नित ही सतजुग, करे कलियुग कांई, मुनि राम कहै आ वखत भली है, भजन करो भाई ॥ ह० ॥ ६ ॥

— इति —

तुम भाग चलो तो कहोनी प्यारे, आगे नहीं मिलती सेरी ॥ टेर ॥ एक रैन अंधेरी विजुली चमके जी, कैदी कैद में रहते थे, सफीलगिरो पोरायत सूते, बंदीवांन एक कहते थे, सबही निकसो ऐ छे मारग, ऐ अवसर नहीं आणेका, बहोत अच्छा पिण जरा लेटके, है इरादा जानेका, जे निकस्या ते घरकूं पोंचे, सूता ते जंजीर जड़ा, कब हुवे मार्ग कब वे निकसें, इन रीते जगवासी पड़ा, मत जांनो जग साचा, हे काचे से काचा, वीरतणा है वाचा, आते नहीं अवसर फेरी ॥ तुम भा० ॥ १ ॥ जग जाल जगत का है अति फंदाजी; मोह माया में नर नारी; मात पिता अरू बैन भार्या, अंत समय नही है थारी; रूप गर्व अरू धन गर्वता, ऐ दोनुं

है दुखकारी ; तड़फ तड़फ नें माया जोड़ी, जीव थकी लागे प्यारी, या माया तेरी सॅग न चले, तातें सुकृत कर लेनी; जे कोई लेग्या इसकूं लारे, उसका नाम कह देनी, देते सतगुरू हेला, तं मान मांन रे गैला; दिलसें विचारे पैला, अरे विगड़ गई क्या मत तेरी ॥ भा० ॥ २ ॥ रूपवंत पर त्रीया देखी जी, बुरी निजर क्युं जोता है, शिर बदनामी दोजग होगी, क्यूं सुकृत कूं खोता है; हीर कनीसा नर भव पाया, इससें नहीं कोई और बडा; नाहक इसकूं क्यूं तूॅ हारे, मैं केहताहूं खड़ा खडा; मुनिराम कहै दिल पाक रखोनी, अच्छा अवसर आय अड़ा, करणा है सो करलो प्यारे, ऐ घोड़ा मैदान पड़ा; सुणते हो तुम बंदा, क्यूं होते हो अंधा, पड़ा रहेगा धंधा, तेरे पूठ पीछे लागा वैरी, तुम भाग चलो तो कहोनी प्यारे, आगे नहीं मिलती सेरी ॥३॥

इति

चतुर पर नारि मत निरखो, श्रावण केरि रैन अंधेरी, वीजलीको चमको ॥ रावण मोटा राय कहावे, लंका गढ वंको ॥ पाप करीने नरक पोहोंचीयो दुःख पायो अधको ॥ चतुर० ॥ १ ॥ धातकी खंडको राय पद्मोत्तर, द्रौपदीने हरतो ॥ कृष्ण नरेशर करे खुवारी, जब पुण्य हुवो हलको ॥ चतुर० ॥ २ ॥ कीचक राय महा दुःख पायो, भीमें सुं अधको ॥ नारि द्रौपदी नेहें विचारी, भव २ में भटक्यो ॥ चतुर० ॥ ३ ॥ परनारि को रंग पतंग है, भोडल को झलको ॥ ओस बूंद जब लगे तावड़ा, ढलक जाय ढलको ॥ चतुर० ॥ ४ ॥ परनारी को स्नेह करतां, धन

जासी घर को ॥ दुजा देख कर करे खुवारी, जब वन में भटक्यो ॥ चतुर० ॥ ५ ॥

संसारी लोको सात व्यसन छोडो भावसुं ॥ सं० ॥ टेर ॥ जुवा खेलण मांस मद्य और, वेश्या व्यसन शिकार, चोरी पर रमणी को रमवो, सातुं व्यसन निवार हो ॥ सं० ॥ १ ॥ जुवा खेलिया पांडवास रे, मंस भखियो वकराय मदिरा पिवी जादवांस रे, जड्यां मूल सें जाय हो ॥ सं० ॥ २ ॥ चारुदत्त वेश्याने सेवी, ब्रह्मदत्त आखेट, सत्यघोष पर धन के कारण, पहुंतो नरकां येट

हो ॥ सं० ॥ ३ ॥ रावण राजा वडो अभिमांनी तीन खंड को सांमी, रामचन्द्रकी सीता हरतां, भयो नर्कको गामी हो ॥ सं० ॥ ४ ॥ सात व्यसन ए छोडदोस रे, है जीवन दुःखकार, रामचन्द्रकी आही सीख है, सातुं व्यसन निवार हो ॥ सं० ॥ ५ ॥

इति

मन को शीख-पद

अरे मन चेत मेरा मतवाला, दुर्गत का जड़ दे ताला रे ॥ मन ॥ टेर ॥ मिथ्या मत जन्म गमायो, शुद्ध मार्गमें नहीं आयो, सतगुरु विन वहु दु.ख पायो, इम काल अनंत विलायो रे ॥ मन० ॥ १ ॥ समकित विन सुखो किम होवे,

विन ज्ञान आतम किम जोवे, मुढ़ विरथा जन्मा-
रो खोवे, तेतो भव २ मांहे रोवे रे ॥ मन० ॥२॥
चारित्र तारे गत चारो, तप सेही होवे निस्तारो,
शुद्ध भावसे खेवा पारो, जावे पंचमी गती मझा-
रो रे ॥ मन० ॥ ३ ॥ दान दिया दरिद्र जावे,
शील सु ऊंची गत पावे, इम शिव सुख हाथे
आवे, त्रिलोकीनाथ गुण गावे रे ॥ मन० ॥ ४ ॥
उगणीसे छपन जाणो, महा वदी पंचम दिन
ठाणो, पिरोजपुर मे केवलरिख गाणो रे, जो
चेतो सोई पुन्य वानो रे ॥ मन० ॥ ५ ॥

इति

❀ ऊपदेशी चूटको ❀

विगट घट दुरगत का भारी, नीर ज्यां भरती कु-
मती नारी, बरछी ऊन नैनो की मारी, डुब्या केई
कामी संसारी ॥ १ ॥ इनोकी हो रही खुआरी
नित्य कोई सत धर्म धारी, प्रभु तुम परमारथ
पाया, शरण अब जिन दास आया ॥ २ ॥

इति

❀ शीखामण की सज्झाय ❀

जिनवाणी श्रवण सुणीजी । जिन मार्ग में आय।
जीव अजीव जाण्या विनाजी । किम जैनी नाम
धराय ॥ भवीकजन हीये वीचारी रे जोय ॥ १ ॥

सुखी होय सहुको खपेजी। सुखकी न जाणे वात ॥ षट काया हणता थकाजी। कहो किम सुखीया थात ॥ भ० ही० ॥ २ ॥ चीरो लागे आंगली जी तड़फ २ दुःख पाय ॥ छेदत भेदत जीवने जी। दया न आणे घटमांय ॥भ०॥ ही० ॥ ३ ॥ त्रस स्थावर जीवां तणाजी लूटे हरखी प्राण ॥ समकिती नाम धराइयोजी। मिथ्यातीरा ए लाण ॥ भ० ॥ ही० ॥४॥ चीर फाड़ भडिता करेजी। कंद मूल सब खाय ॥ रात्री भोजन करया थकांजी। किण रीते जैनी थाय ॥ भ० ॥ ही० ॥५॥ अणगले पाणी पीवतांजी। अणगले नीरे न्हाय ॥ अणगले कपड़ा धोवणाजी। सावण खार लगाय ॥ भ० ॥ ही० ॥६॥ पाणी ढोले दया विनाजी। वेवे मोरी खाल। त्रस जिव तिणमें मरेजी। चाले अज्ञानीरी चाल ॥ भ० ॥ ही० ॥७॥ सुल्या धान वेचे सेखे जी। जंतर घरना पीलाय ॥ रात दिवस आरम्भ करेजी। जरा दया नहीं

लाय ॥ भ० ॥ ही० ॥८॥ कुशी कुवाडा पावड़ाजी वेचे शस्त्र अजाण ॥ एक उदर रे कारणे जी करे नर्क री खाण ॥ भ० ॥ ही० ॥ ६ ॥ शीखामण देतां थकां जी। मनमें म लाज्यो रोस। औषध तो कड़वी पीयाजी। मिटे आतम रो दोष ॥ भ० ॥ ही० ॥ १० ॥ सुधभाव हिरदे धरो जी। मतकरो किंचित अकाज ॥ जीवांकी जतना करोजी सीजे वांछित काज ॥ भ० ॥ ही० ॥ ११ ॥ सम्वत उगणीसे छपनेजी। कातीवद आठू जंबूमांय ॥ अनर्था दंडने छोडीयेजी। कहे केवल हित लाय ॥ भवि० ॥ हिये० ॥ १२ ॥

॥ इति ॥

❀ स्तवन सातवार का ❀

सज्जन तेरे दिल कुं समझाना, सातवारकी करनी सुण कर तन मन हुलसाना ॥ स०॥ टेर॥ १ ॥ अदीतवार कुं अति आदर से सुगुरु पास जाणा, जिन आगम अमृत रस पीके समता घर आणा ॥ स० ॥ २ ॥ सोमवार कहे सुद्ध किरिया कर समकित धन लाना, विकथा च्यार अलग परिहरके जिन पद गुण गाना ॥ स० ॥ ३ ॥ मङ्गलवार ममत तजो तुम धरो धर्म ध्याना, जगत् जाल में मत कोई उलझो सुणो बात स्याना ॥ स० ॥४॥ कहे बुधवार विमल बुध करके छोड़ो अभिमाना, सुकरित दान दया दरशनमें करिले पहिचाना ॥ स० ॥५॥ गुरुवार कहे सुण

रे प्रांणी दुरलभ नर भव पाना, करना होय सौ करलो प्यारे काल फिरे छाना ॥ स० ॥६॥ शुकर-वार कहे शील धरो तुम आत्म हर्षाना, परनारी जननी सम जाणी पामों शिवथाना ॥ स० ॥७॥ थावरवार में थिर चित करके पढो अचल ज्ञाना, अवसर वीते फिर क्या होगा पीछे पछताना ॥ स० ॥८॥ सातवार की करनी एसी करिया सव सजना, कहत अवीर धरम चित चोखे मिथ्या-तको तजना ॥ स० ॥६॥

इति

❀ स्तवन नेमिनाथजी का ❀

वरसे माहरे नेम कुंवर विन जिवड़ो तरसे रे आज रंग वरसे रे। वीस लाख घुड़ला रे उपर जीण वनाथी करसां रे, तीस लाख हस्ती रे उपर

हौदा धरसो रे, आज रंग वरसे रे, आज रंग वरसे रे म्हारे नेम कुंवर विना जीवड़ो तरसे रे; आज रंग वरसे रे ॥ १ ॥ सहस गोपींया ऊभी हाजर करे नेमजी सुँ अर्जी रे, हांकारो भर लियो नेमजी; विवाह जो करसी रे, आज रंग वरसे रे ॥ २ ॥ छप्पन क्रोड जादव मिल आया दे नगारा चढसी रे, छतीस वाजा वाजे जान में; ऊछव करसी रे, आज रंग वरसे रे ॥ ३ ॥ द्वारका-रा नाथ नेमजी सवी देवता तरसे रे, तोरण सें रथ घेर्यो नेमजी; हिवड़ो खटके रे, आज रंग वरसे रे ॥ ४ ॥ वड़े भाग सुँ जान वणाई; जुनागढ़ में आई रे, अजब रंगीला जानीया; केसरीया करस्यां रे, आज रंग वरसो रे ॥ ५ ॥ सोवर्णी सुरत मोहनी मुरत, चांद पुनम केरो चमके रे, समुद्र विजयजी रो लाडलो, गिरनारां चढ गयो रे, आज रंग वरसे रे ॥ ६ ॥

—— इति ——

चिन्तामण स्वामी अर्ज हमारी सुन लीजिये ॥ चि० ॥अ०॥ तुम राजा हम प्रजा तुमारी निश दिन करते सेवा, सुं निजर करके मुझकुं दीजे अविचल सुखका मेवा हो ॥चि०॥ अ० ॥ १ ॥ तुम शिव वासी हम जगवासी एही वड़ा अँधेरा, इसकुं आप विचारो मनमें कैसे होय निवेरा हो ॥ चि० ॥ अ० ॥ २ ॥ दीनानाथ दयाल कहावो जग जीवन जिन राया, ऐसा विर्ध तुम्हारा साहिब सवही के मन भाया हो ॥ चि० ॥ अ० ॥ ३ ॥ चरण कमल की सेवा चाहूं एही विनती मोरी, कहत अवीर कृपा जिनवर की लागी मुक्ति की डोरी हो ॥ चि० ॥ अ० ॥ ४ ॥

इति

☞ ऊपदेशी ☜

जिन आपकुं जोया नहीं, तन मन कुं खोजा नही, मन मेल कुं धोया नहीं, अंघोल किये से क्या भया ॥ १ ॥ लालच करे दिल दामका, वासद करे वदनाम का, हृदे नही सुध राम का, हरी हर कहा तो क्या भया ॥ २ ॥ कुंती हुवा धन मालका, धंधा करे जञाल का, हृदा हुवा चणडाल का, काशी गया तो क्या भया ॥ ३ ॥ गोगा करे संसार का, जाणे कुञड़ा वाजार का, आया तीर्थ करि द्वारिका, छापा लिया तो क्या भया ॥ ४ ॥ जीवते पित्र कुं सुख नहीं, उनको जक आशक नही, चणडाल मे कुछ सक नहीं, तर्पण किया तो क्या भया ॥५॥ इस सांस में कुछ वास है, जिरा रामका परकाश है, सोही भला जिन खास है, ब्राह्मण भया तो क्या भया ॥६॥

इति

चेतन खेल रे यो मोह कर्म संग ले ले बाजी रे ॥ चे० ॥ टेक ॥ चौरासी लक्ष जीवां जोनी का चौगान में खेल रचाया रे, जीव दड़ी कर्मों का डंडा से डोटा खाया रे ॥ चे० ॥ १ ॥ कभी उछल गयो नर्क बीच में कभी तिर्यंचके मांई रे। कभी उछल गयो स्वर्ग बीच, फिर नर देह पाई रे ॥ चे० ॥ २ ॥ कभी उछल गयो स्वर्ग दुजे में, नाटक का झणकारा रे, वहां से उछल पृथ्वी पानी में लिया अवतारा रे ॥ चे० ॥ ३ ॥ कभी हुआ मातंग कुल मांही, झाड़ू खूब लगाया रे, कभी हुवा राजा राणा शिर छत्र धराया रे ॥ चे० ॥ ४ ॥ कभी हुवा ये कीड़ी

मकोड़ी, माकड़ और गजाई रे, कभी हुवा हाथी और घोड़े फौज सजाई रे ॥ चे० ॥ ५ ॥ ऐसे डोटा खाता २ काल अनंतो वित्यो रे, वैराग्य मांहो वाणी सुन सतगुरु की कोई भवी चेत्यो रे ॥ चे० ॥ ६ ॥ कोई भारी कर्मा प्राणी डोटा खाया ने खासी रे, केई एक ही डोटा मांहीं शिव पुर जासी रे ॥ चे० ॥ ७ ॥ गुणतर का साल विचमें, उदेपुर के मांही रे, मकर संक्रांति के दिन चौथमल जोड़ वणाई रे ॥ चे० ॥ ८ ॥

इति

॥ दस बोलांका स्तवन ॥

आज दिन फलीयो रे, थाने जोग बोल यो दस को मिलीयो रे ॥ आ० टेक ॥ मनुष्य जन्म आर्य भूमि उत्तम कुलको योगो रे, दीर्घ

आयु और पूर्ण इन्द्रि शरीर निरोगो रे ॥ आ० ॥ ॥ १ ॥ सतुगुरु कनक कामनी त्यागी आप तिरे, पर तारे रे, तप क्षमा दया रस विना सूत्र उच्चारे रे ॥ आ० ॥ २ ॥ यें आठ वोल तो भवी अभवी केई जीवने पाया रे, नहीं श्रध्या, श्रध्या तो कुगुरु मिल भरमाया रे ॥ आ० ॥ ३ ॥ अव के श्रद्धा गाढ़ी राखी शुद्ध पराक्रम को फोड़ो रे, अल्प दिनों के मांही आठों कर्म को तोड़ो रे ॥ आ० ॥ ४ ॥ यह दस वोलकी क्षीर मसालादार , पुण्य से पाई रे, अनंत काल की भुख प्यास थारी देगा भगाई रे ॥ आ० ॥ ५ ॥ निर्धन को धनवान हुवे ज्युं अवे आंख्या पाई रे, चन्द्रकान्त मोतीसे अधिक नर देह पाई रे ॥ आ० ॥ ६ ॥ गुरु प्रसादे चौथमल कहै कीजे धर्म कमाई रे, उन्नीसे और सतर साल में जोड़ वणाई रे ॥ आ० ॥ ७ ॥

इति

संगत करले रे साधु की संगत शिव सुखदाता रे ॥ सं० ॥ टेक ॥ प्रत्यत्त कल्प वृत्त सा जुग में जाने पारस मिलीया रे, तुरंत होसी तीरणों थांरो ज्ञान के सुणीया रे ॥ सं० ॥ १ ॥ कुटम्ब कवीला धन दौलत में मत ना कभी तुम राचो रे, विन मतलव विन कोई न पूछे जानो सगपण काचो रे ॥ सं० ॥ २ ॥ जूवावाज चोर लंपट और मद्य मांसका आहारी रे, इतनो की संगत मत कीजो सुन शित्ता हमारी रे ॥ सं० ॥ ३ ॥ कुगुरु कनक कामनी भोगी, लोभी और धूतारा रे, आप डूबे केसै तुझे तारे, करो बिचारा रे ॥ सं० ॥ ४ ॥ गौतमस्वामी पूछा कीधी देखो

भगवती मांई रे, दश बोल की होवे प्राप्ति सुगुरु संगत पाई रे ॥ सं० ॥ ५ ॥ कहै चौथमल गुरु हमारा हीरालालजी ज्ञानी रे, चतुर हो तो समझे दिल में अति हित आणी रे ॥ सं० ॥६॥

इति

❀ सुणो सुजाण का स्तवन ❀

सुणों सुजान सत्य की यह कैसी बहार है, सत्य विना मनुष्य का जीना धिक्कार है ॥ टेक ॥ आना हुवा हरिचंद का, जल लेने कूंप पर, राणी भी आई उस समय, पनघट पणिहार है ॥ सुणो० ॥१॥ पड़ी निघा राणीको, अपने प्राण-नाथ पर, तनमें देख दूबले करती विचार है ॥ सुणो० ॥२॥ आंखोमे ज्यान आ लगी, हाय क्या

गजब हुआ, गुल हुसन वह कहां गया, कहां यह दीदार है ॥ सुणो० ॥ ३ ॥ गुरु हीरालाल प्रसादे, चौथमल कहै सुणो अपना, हुवे सो आपका करता विचार है ॥ सुणो० ॥ ४ ॥

इति

श्री चौवीस जिनराज का जग में आधार है, रटत प्रातः सायंकाल हो पल में पार है ॥ ॥ टेक ॥ ऋषभ अजित संभव सार, देवे तार है, अभिनन्दन सुमति पद्म, गुण अपार है ॥ श्री० ॥ १ ॥ सुपार्श्व चन्द्रप्रभु, सुविध दातार

है, शितल अंश वासुपूज्य, तारणहार है ॥ श्री०
॥ २ ॥ विमल अनंत धर्मनाथ, धर्मधार है;
शांति कुंथु अरनाथ अघ निवार है ॥ श्री०
॥ ३ ॥ मल्लि मुनिसुव्रत नमि उदार है, अरिष्ट-
नेमि पार्श्वनाथ, महावीर सार है ॥ श्री० ॥ ४ ॥
वीस वेहरमान और ग्यारे गणधर है; चौथमल
कर जोड़ करे नमस्कार है ॥ श्री० ५ ॥

इति

लगाता दिल तूं किस पे है, जहां मे कौन
तेरा है, सभी मतलब के गर्जी है, क्यों
कहता मेरा २ है ॥ ल० ॥ १ ॥ छिपे रहते
थे महलो में, हो गल्तान एशो में ॥ दिखाते

मुंह ना सूरज को, उसको भी कालने हेरा है ॥ ल० ॥ २ ॥ मिलके कुमति वदख्वाहने, पिलादी शराव तुझे मोह की ॥ खवरना उसमें पड़ती है, कि यहां चन्द रोज डेरा है ॥ ल० ॥ ३ ॥ कहां तक यहां लुभावोगे, की आखिर-जाना तुमको वहां ॥ उठाके चश्म तो देखो, हुवा शिर पर सवेरा है ॥ ल० ॥ ४ ॥ गुरु हीरा-लालजी के परसाद चौथमल कहे जो चाहो सुख ॥ दया की नाव पर चढ जा, यहां दरियाव गहरा है ॥ ल० ॥ ५ ॥

इति

श्री वीर प्रभु उपकारी, तुम सुणी जो अर्ज हमारी ॥ टेक ॥ श्रेष्ठी धनदत्त के आई द्वारी, प्रभु घोर अभिग्रह धारी जी, चन्दनवाला कहे जिवारी ॥ तु० ॥ प्रभु उड़द वाकला लिरावो, मुज दुःख्यारिणी को तिरावो जी, मम विनती वारम्वारी ॥ तु० ॥ फिर प्रभु ने ध्यान लगाया नहीं अश्रु नेत्रमें पाया जी, तब वीर फिरे तत्कारी ॥ तु० ॥ ३ ॥ कहै चन्दनवाला पुकारी, देखो कर्म तणी गत भारी जी, नेत्राम्बु हुवा जव जहारी ॥ तु० ॥ ४ ॥ फिर वीर पारणो लीनो, जहां मिली सुर महोत्सव किनोजी, सती पामी है सुख अपारी ॥ तु० ॥ ५ ॥ चन्दनवाला सयम

पाके, गई मोक्ष कर्म खपाके जी, वंदे चौथमल त्रिकारी ॥ तु० ॥ ६ ॥

इति

॥ चउदह नेम की गजल ॥

यह श्रावक को आचारो, नित्य चौदह नियम चितारो ॥ टेक ॥ तुम सचित द्रव्य विचारो, मर्याद विगय की धारो जी, तम्बुल पनी को टालो ॥ नि० ॥ १ ॥ वस्त्र और फूलकी माला सज्जा असवारी रसालाजी, विग्य पाणी को करो सुमारो ॥ नि० ॥ २ ॥ ब्रह्मचर्य मर्याद दिसारी, स्नान भोजन की विधि न्यारी जी, यह चौदह भेद निहालो ॥ नि० ॥ ३ ॥ उन्नीसे पेष्ठ के साल, उदियापुर सेखे काल जी, कहै चौथमल हितकारी ॥ नि० ॥ ४ ॥

इति

उपदेशी गजल

इल्म पढ़ले अरे दिला, ईसका गरम बाजार है, आलिमों की हाजरी में कई खड़े सरदार है ॥ टेक ॥ जिस समाज में लिखे पढ़े, उसका सितारा तेज है, जिस देशमें विद्या हुन्नर वह देश ही गुलजार है ॥ इ० ॥ १ ॥ दिवान, हाकिम, अफसरी, वकील, वैरिस्टर बने, बदौलत इस इल्म को दुनिया कहे हुशियार है ॥ इ० ॥ ॥ २ ॥ इल्म से अक्ल बढ़े, और अक्ल से जाने प्रभु, सत्य झूठ दोनों फैसले का वही तजरबे-दार है ॥ इ० ॥ ३ ॥ बिन इल्म के इन्सान और, हैवान में क्या फर्क है, गौर कर देखो जरा, फक्त इल्म की ही बहार है ॥ इ० ॥ ४ ॥ पढ़ लो

पढालो इल्म को, खेलना खेलाना छोड़ दो, कहै चौथमल मित्रो सुनो, नसीहत हमारी सार है ॥ ॥ इ० ॥ ५ ॥

(इति)

बारह मासा श्री रिषभदेवजी का

आषाढ़

हे जा मरुदेवाजी, सोच करत हैं मन में । मेरा रिषभ गया, क्यो वनमें ॥

आंकड़ी

प्रथम महीनाजी लगा आसाढ़ चौमासा, इन्दर वरसन की आसा । मरुदेवजी मनमें भई उदासा, प्रभु रिषभ गये वनवासा ॥

दोहा

रिषभ प्रभु वनको गये, जगत सुधारन काज।
भरतादिक सो पुत्रको, बांट दिया सब राज॥
पुत्र तुन सबही जी, मगन होय रहे धन में।
मेरा रिषभ गया, क्यों वनमें ॥ १ ॥

श्रावण

श्रावण महीना जी रिमझिम मेहला वरसे, मेरा पुत्र विना जी तरसे। भरतादिकजी सो पुत्रन के डरसे, मेरा नंद निकल गया घरसे॥

नगर अयोध्या यूं झुरे, कहां गये महाराज।
देतउलंभा भरत को, मेरा पुत्र मिलावो आज॥
अजीतो मेरे सुत विनाजी, प्राण निकलसी छिनमें।
मेरा रिषभ गया, क्यो वनमें ॥ २ ॥

❋ भादों ❋

भादों महीनाजी तज धन दौलत माया, अजी तो वो गये अकेली काया। भरतादिकजी तो मन में हरषाया, राजये विना कमाया पाया॥

नित नव नाटक होत हैं, कर रहे भोग विलास।
सब मायाये रिषभ की; वो छोड़ गया वनवास॥
हेजी जगतारनजी, दुखी होयगा तन में।
मेरा रिषभ गया क्यों वनमें॥ ३॥

आसोज

आसौज महीना जी सूरत की छवि लागी, पुत्र तो होय गये वैरागी। धन के लोभी जी उससे भये नीरागी, कभी खबर न ले वड भागी॥

दोहा

भरत कहे सुन मातजी, मत कर विथा विलाप।
तीन लोक तारन तरन, आवेंगे प्रभु आप॥
इन्द्र पद सेवेंजी, नहीं रहें विघन में।
मेरा रिषभ गया, क्यों वनमें ॥ ४ ॥

कार्तिक

कार्तिक महीना जी कव वो रिषभ घर आवे सोहे सूरत आन वतावे। नहीं कागजजी मुझ को पुत्र पठावे, यूं मेरा जीव वहुत दुख पावे।

दोहा

झुरती निश दिन पुत्र को, रोरो खोई आंख
उड़कर मिलती रिषभसे, जो देत विधाता पांख।
मोर पपैया जी मगन जो रहते घन में
मेरा रिषभ गया, क्यों वनमें ॥ ५ ॥

मिगसर

मिगसर महीना जी भरत बाहुबल भाई, आपस में करें लड़ाई। भरत यूं कहता जी मानो मेरी दुहाई, सब सेना चढ़ कर आई॥

दोहा

बारा बरस लड़ते हुवे, इन्द्र रहे समझाय।
चक्रवति चिन्ता गहै, भये चन्द्रजसराय॥
जीत कारण जी, खड़े बहु बल रन में।
मेरा रिषभ गया, क्यों वनमें॥ ६॥

पोस

पोस का महीना जी पडे ठंड का पाला, रुत आया कठिन सियाला। कहां वह होगा रिषभ जगत प्रतिपाला, मैं रटू रिषभ की माला॥

दोहा

क्या कोई पर्वत की ओटमें, होगा मेरा नन्द।
ठंड ताप की विपति से, सहे बहुत दुख वृन्द॥
भरत मेरे सुतका जी, नहीं फिकर तेरे मन में।
मेरा रिषभ गया, क्यों वन में॥ ७॥

माघ

माघ का महीना जी किसे कहूं दुख मेरा, सब पुत्र विना अंधेरा। पुत्र घर आवो जी मैं देखुं मुख तेरा, कोई देवे रिषभ का वेरा॥

दोहा

इन्द्रादिक जाको नमें, रहे सदा कर जोड़।
राज रमन की संपदा, वो गया छिनक में छोड़॥
ऐसा निरमोही जी, पटका विरह दहन में।
मेरा रिषभ गया क्यो वनमें॥ ८॥

फागुण

फागुण महीना जी नीर नयन में भरती, मैं सूने मन में फिरती। भरत यूं कहता जी सोच फिकर क्यों करती, रहे निश दिन मुझसे लड़ती ॥

दोहा

भरत विविध तर भांति से, कहता बात बनाय।
वन पालक उद्यान के, देई वधाई आय ॥
प्रभु पधारा जी, सेवत है मुनी जन में।
मेरा रिषभ गया, क्यों वनमें ॥ ६ ॥

चैत

चैतका महीना जी हय गज रथ सब त्यारी, सिणगारी सेना भारी। भरत कर जोड़ो जी मरुदेवी मनोहारी, चलो देखो पुत्र सुखकारी ॥

दोहा

इन्द्र ध्वजा आगे चले, भामंडल रहै लार।
चौसठ चवंर सुरपति करें, धुंधवी गगन मझार॥
ऐ सुत तेरा जी, विलसे सुख सूरी गन में।
मेरा रिषभ गया, क्यों वन में ॥ १० ॥

बैशाख

वैसाख महीना जी मरु देवी मन हरषे, जब रिषभ प्रभु मुख निरखे। नैन पट उघाड़े जी वीत राग पद सरखे, चढ़े शुकूल ध्यान कूं परखे॥

दोहा

गज ऊपर मुक्ति गई, श्रीमरुदेवी मात।
पहिले शिवजननी दिया, ऐसे रिषभ सुजात॥
जग सुख कारनजी, विचरे प्रभु मगनमें।
मेरा रिषभ गया, क्यों वनमें॥ ११ ॥

जेठ

जेठ का महीना जी रुत गरमी की आई,
मैं रिषभ चरण लव लाई। दरश नित तेरा जी
मुझ कूं है सुखदाई, सेवा प्रेम सदा मन भाई ॥

दोहा

धर्म शील आधार से, कुशल सदा आनन्द।
रिद्धसार जिन नाम से, रहे दुरती दुख दन्द ॥
हेजी मन सुध करजी, राखो जिन चरनन में।
मेरा रिषभ गया, क्यों वनमे ॥ १२ ॥

इति

आदत तेरी गई विगड़, इस क्रोधके परताप से। अजीजों को वुरा लगे, इस क्रोध के परताप से॥ टेर॥ दुश्मन से बढ कर है यही, मोहब्बत तुड़ावे मिनिट में। सर्प मुआफिक डरे तुझसे, क्रोध के परताप से ॥ १ ॥ सलवट पड़े मुंह पर तुरंत कम्पे मानिन्द जिन्दके। चश्म भी कैसे वने, इस क्रोध के परताप से ॥ २ ॥ जहर या फांसीको खा, पाणी में पड कई मर गये। वनत कर गये तर्क कई, इस क्रोध के परताप से ॥ ३ ॥ वाल वच्चो को भी माता क्रोध के वश फैंकदे। कुछ सूझता उसमें नही, इस क्रोध के परताप से ॥ ४ ॥ चंडरुद्र आचार्यकी, मिसाल

पर करिये निगाह। सर्प चंडकोसा हुवा इस क्रोध के परताप से ॥ ५ ॥ दिल भी काबू नही रहे नुकसान कर रोता वही। धर्म कर्म भी नही गिने, इस क्रोध के परताप से ॥ ६ ॥ खुद जले परको जलावे विवेक की हानी करे। सूख जावे खून उसका, क्रोध के परताप से ॥ ७ ॥ जनके लिये हँसना बुरा, चिराग को जैसे हवा। ज्यों इन्सान के हकमें समझ, इस क्रोध के परताप से ॥ ८ ॥ शैतानका फरजन्द यह और जाहिलो का दोस्त है। बदकार का चाचा लगे, इस क्रोध के परताप से ॥ ९ ॥ इबादत फाका करी, सब खाक में देवे मिला। दोजख का मुंह देखेगा, इस क्रोध के परताप से ॥ १० ॥ चण्डाल से बदतर यही, गुस्सा बडा हराम है। कहे चौथमल कर हो भला, इस क्रोध के परताप से ॥ ११ ॥

॥ इति ॥

● गजल गरूर की ●

सदा यहां रहना नहीं तूं, मान करना छोड दे । शहनशाह भी नही रहे तूं मान करना छोडदे ॥ टेर ॥ जैसे खिले हैं फूल गुल्शन में, अजीजों देखलो । आखिर तो वह कुम्हलायगा, तूं मान करना छोडदे ॥ १ ॥ नूर से वे पूर थे, लाखों उठाते हुक्म को । सो खाक में वे मिल गये, तूं मान करना छोडदे ॥ २ ॥ परशु ने क्षत्री हने, शम्भूम ने मारा उसे । शम्भूम भी यहां नही रहा, तूं मान करना छोडदे ॥ ३ ॥ कंस जरा-सिंध को, श्रीकृष्ण ने मारा सही । फिर जर्द, ने उनको हना, तूं मान करना छोडदे ॥ ४ ॥ रावण से इन्दर दबा, लक्ष्मण ने रावण को हना । न वह रहा न वह रहा, तूं मान करना

छोडदे ॥५॥ रब्ब का हुक्म माना नहीं, अजाजिल काफिर बन गया। शैतान सब उसको कहे, तूं मान करना छोडदे ॥ ६ ॥ गुरू के परसाद से कहे चौथमल प्यारे सुनो। आजिजी सब में बडी, तूं मान करना छोडदे ॥ ७ ॥

इति

गजल दगाबाजी की

जीना तुझे यहां च्यार दिन तूं दगा करना छोडदे। पाक रख दिल को सदा तूं दगा करना छोडदे ॥ टेर ॥ दगा कहो या कपट जाल फरेब या तिरघट कहो। चीता चोर कबानवत्, तूं दगा करना छोडदे ॥ १ ॥ चलते उठते देखते, बोलते हँसते दगा। तोलने और नापने में, दगा करना छोडदे ॥ २ ॥ माता कहीं बहनें कही, पर नार को छलता फिरे। क्यों जाल कर

जाहिल बने, तूं दगा करना छोडदे ॥ ३ ॥ मर्द की औरत बने, औरत का ना पुरुष हो। लख चोरासी योनि भुगते, दगा करना छोडदे ॥ ४ ॥ दगा से आ पोतना ने, कृष्ण को लिया गोद में। नतीजा उसको मिला, तूं दगा करना छोडदे ॥ ५ ॥ कौरवों ने पांडवों से, दगा कर जूवा रमी। हार कौरवों की हुई, तूं दगा करना छोडदे ॥ ६ ॥ कुरान पुरान में है मना, कानून में लिखी सजा। महावीर का फरमान है, तूं दगा करना छोडदे ॥ ७ ॥ शिकारी करके दगा, जीवों की हिंसा वह करे। मंजार और बुग कपट से हो, दगा करना छोडदे ॥ ८ ॥ इज्जत में आता फरक, भरोसा कोई नहीं गिने। मित्रता भी टूट जाती, दगा करना छोडदे ॥ ९ ॥ क्या लाया लेजायगा, तू गौर कर इस पर जरा। चौथमल कहे सरल हो, तूं दगा करना छोडदे ॥ १० ॥ ॥इति॥

❁ गजल संतोष की ❁

सबर नर को आती नहीं, इस लोभ के परताप से। लाखों मनुष्य मारे गये, इस लोभ के परताप से ॥ टेर ॥ पाप मा वालिद वडा, और जुल्म का सरताज है। वकील दोजख का वना, इस लोभ के परताप से ॥ १ ॥ अगर शहनशाह वने, सर्व मुल्क तावे में रहे। तो भी ख्वाहिश नही मिटे, इस लोभ के परताप से ॥ २ ॥ जाल में पत्ती पड़े, और मच्छी काटे से मरे। चोर जावे जेल में, इस लोभ के परताप से ॥ ३ ॥ ख्वाव में देखा न उसको, रोगी क्यो नहीं नीच हो। गुलामी उस की करे, इस लोभ

के परताप से ॥ ४ ॥ काका भतीजा भाई माई, वालिद या बेटा सज्जन । बीच कोर्ट के लड़े, इस लोभ के परताप से ॥ ५ ॥ शम्भूम चक्रवर्त्ती राजा, सेठ सागर की सुनो । दरियाव में दोनों मरे, इस लोभ के परताप से ॥ ६ ॥ जहां के कुल माल का, मालिक बने तो कुछ नहीं । प्यारी तज परदेश जा इस लोभ के परताप से ॥ ७ ॥ बाल बच्चे बेच दे, दुख दुर्गुणों की खान है । सम्यक्त्व भी रहती नहीं, इस लोभ के परताप से ॥ ८ ॥ कहे चौथमल सत्गुरू वचन, संतोष इसकी है दवा । और नसीहत नही लगे, इस लोभ के परताप से ॥ ९ ॥

इति

उपदेशी दोहा

प्रणत रहै अमराधि प्रति, सुरवर सेवे कोड़।
ता श्री जिनवर वीरके, पद वंदोंकर जोड़॥
आतुरता दुख हू पड़े, शत्रु सङ्कटौ पाय।
राज द्वार मसान में, साथ रहै सो भाय॥
ज्ञान गर्भित वैराग्य थी, दिक्षा लेवे जो कोय।
दीपावे जैन धर्म ने, तरे ते तारण होय॥
सावद्य भाषा बोले नहीं, जेह थी लागे पाप।
आदेश उपदेश जाण्या विना, करवो नहीं आलाप॥
नारि होय चित्रामनी, नहीं रहे मुनिराय।
दशवैकालिक आठमें, ऊंदर बीलाडी न्याय॥
पासत्था कुदर्शनी, कुलिंगी भ्रष्टाचार।
गुरुजी-जाणी वंदन करे, रुले अनंत संसार॥

बड़े वचन पलटें नहीं, कहि निरवाहें धीर।
कियो विभीषन लङ्क पति, पाय विजय रघुवीर॥
शीलवन्त सबसे बडा, सब रतनों की खानि।
तीन लोक की सम्प्रदा, रही शील में आनि॥
ज्ञानी ध्यानी संयमी, दाता सुर अनेक।
जपीया तपीया बहुत हैं, शीलवन्त कोई एक॥
श्वास श्वास पै नाम भज, श्वास न वृथा खोय।
ना जाने इस श्वास का, आवन होय न होय॥
धन जोवन यों जायगा, जा विधि ऊडत कपूर।
नारायण गोपाल भज, क्यों चाटे जग धूर॥
कारज अच्छो अरु बुरो, कीजे बहुत विचार।
विना विचारे करत ही, होत रार अरु हार॥
जाको राखे सांइयां, मारि सके नहिं कोय।
बाल न बंका कर सके, जो जग वैरी होय॥
जैसी हो होतव्यता, तैसी ऊपजे बुद्ध।
होणहार हृदय वसे, विसर जाय सब सुद्ध॥
अमृत भरे तन मन वचन, निशदिन जग उपकार।

पर गुण मानत मेरु सम, विरले जन संसार ॥
सब सुख है सन्तोष में, धरिये मन सन्तोष ।
नेक न दुर्वल होत है, सर्प पवन के पोष ॥
शिव पदवी तुम नाम में, फूल वीच ज्यों गन्ध ।
पद पङ्कज के दरस सुं सिथल होत सव वंध ॥
या संसार असार में, अभलभन डिरढ एक ।
भक्ति पद पङ्कज तनी, जासुं वडे विवेक ॥
क्रोध मान माया करी, लोभ लग्यो महिलार ।
वीतराग वाणी विना, किम पामे भव पार ॥
सज्जन हीरासें अधिक, मूल न जाको होत ।
कहूं परायो होत नही, दुःख में होत नुद्योत ॥
सज्जन सुं अंतर नही, राखे कोई सुजान ।
सज्जन सें सुख होत है, यह निश्चय मन मान ॥
सज्जन जगमें वहु नही, विरलो कहूं दिखात ।
तिहि पिछान कीजें सुखद, जातें सव दुःख जात ॥
सज्जन पर उपकार करि, लेत न कछु इह दाम ।
देत सदा जो चाहिये, समय सुं आवत काम ॥

सज्जन सम जगमें नहीं, अवर सु कोइ पुमान।
आप वहुत दुःख देखिके, देत और सुख जान॥
सज्जन स्वभाव देखिकें, आप हुता सम होउ।
सज्जनता सवतें अधिक, या सम और न कोउ॥
सज्जन नाम धरायकें, भटकत जगमें और।
पै लच्छन युत देखिके, संग कीजियें ठौर॥
कौन काल को मित्र है, देश परच क्या आय।
को मैं मेरी शक्ति क्या, नित उठ नर चित ध्याय॥
पंडित पर उपदेश में, जगमें होत अनेक।
चले आप सतमार्ग में सो लाखन में एक॥
नांहि देव पाखाणमें, दासमृतिका माहिं।
देव भाव मांही वसे, भाव मूल सव माहिं॥
क्षमा तुल्य कोई तप नहीं, सुख सन्तोष समान।
नहिं तृष्णा सम व्याधि हू; धर्म दया सम आन॥
भगिनी सुत अधिकारमें, कवहूं न दीजे काम।
कछु दिन बीते वादही, होय महारिपु वाम॥
उपज्यो धन अन्याय करि, दशहि वर्ष नहशाय।

सबहिं सोलवें वर्ष लौं, मूल सहित विनसाय ॥
विद्या में है कुशल नर, पावे कला सुजान ।
ग्रन्थ सुभाषित कोहूं पुनि, संग्रत करि पहिचान ॥
सोरठ सोवान सञ्चरेया, चढ्या न गढ़ गिरनार ।
गङ्गा न नाहाया गोमती, गयो जमारो हार ॥
सोरठ राग सुहामणी, मुखे न मेली जाय ।
ज्युं ज्युं रात गलन्तडी, त्युं युं मिठो थाय ॥
मुर्खता के ढकन को, रच्यो विधाता मौन ।
ज्ञानी सभा महँ आभरण, अज्ञहि गुण को भौन ॥
विद्या दान न ज्ञान तप, शील धर्म गुण हीन ।
विचरहिं ते नर रूप पशु, भुमि भार अति दीन ॥
जहां दया तहं धर्म है, ज्यां लोभ तहां पाप ।
जहां क्रोध तहं काल है, जहां क्षमा तहं आप ॥
जिवड़ा जिनवर पुजीये, तासें सम्पति होय ।
राजा नमें प्रजा नमें, वाल न वांका होय ॥
प्रभु को नाम अमोल हे, जामे लगत न मोल ।
नफा बहोत टोटा नहीं, भर भर के मन तोल ॥

ए जीव भूला फिरत है, ममता के कल्लोल।
अश्वसेन के लाडले, श्री पारस मुख से बोल॥
सुख ऊपना दुख गल गए, निकलङ्क भये निरवाण
घर घरमें आनन्द भए, जब प्रगटी राग कल्याण॥
नीकी मूरत पासकी, मो मन रही समाय।
जैसे मेंहदी पातकी, लाली लखीयन जाय॥
सांच बरोबर तप नही, झूठ बरोबर पाप।
जाके हृदय सांच है, ताके हृदय आप॥
झुठ बात नहीं बोलीये, जब लगी पार बसाय।
अहो कबीरा, सांच गहु आवागमन नसाय॥
कुटिल कूर लोभी जु नर, करै न संगति ताहि।
ऋषि वशिष्ठ धेनु हरी, विश्वामित्र जु चाहि॥
विरले नर पंडित गुंनी, विरले बुझनहार।
दुख खण्डन विरले पुरष, ते उतम संसार॥
सब वन आमोदित करे, त्यों सपूत गुण रास॥
नहीं नीचो पाताल तल, ऊंचो मेरु लिगार।
सुख में स्मरण सब करें, दुखमें करे न कोय।

जो सुखमें स्मरण करे तो, दुखः काहे को होय॥
भावै जावो बादरी, भावै जावहु गया।
कहै कबीर सुनो भाई साधौ, सबतें बड़ी दया॥
घरमें भुखा पड़ रहे, दस फाके हो जाय।
तुलसी भैया वन्धुके, कबहूं न मांगन जाय॥
तीन लोक के पति प्रभु, परमात्म परमेस।
मन वच तन ते नमत हूं मेटो कठिन कलेस॥
शुभ कर्मन के ऊदय में, गृह तिय चित सब ठौर।
अस्त भये तीनों नहीं, ज्यों मुक्ता बिन डोर॥
जो जाके मन भावतो, ताको तासे काम।
कमल न चाहत चांदनी, विकसत परसत घाम॥
सुत वोही पितु भक्त जो, जो पालै पितु सोय।
मित्र वही विश्वास जिंह नारी सो सुख होय॥
मुर्ख नर से दूर तुम, सदा रहो मतिमान।
बिन देखे कंटक सरिस, वहे हृदय कुं बान॥
पांच वर्ष सुत लाड कर, दश लौं ताड़न देहु।
वर्ष सोलवें लागते, कर सुत मित्र हु सने॥

रुप भयो योवन भयो, कुलहू में अनुकूल।
विन विद्या सोभे नहीं, गन्ध हीन ज्यों फूल॥
पर निन्दा विन दुष्ट नर, कवहूं नाहिं सुख पाय।
त्यागी काक जिमि सब रस, विष्टा नित सुहाय॥
तन को योगी सब करें, मन को विरला कोय।
सहजे सब सिधि पाइये, जो मन योगी होय॥
कहा भरोसो देह को, विनसी जाय छिन मांहि।
श्वांस २ सुमिरन करो, और जतन कछु नाहिं॥
सज्जन चित्त कवहूं न धरत, दुर्जन जन के बोल।
पाहन मारे आमको, तऊ फल देत अमोल॥
ऊरग तुरग नारी नृपति, नर नीचो हथियार।
तुलसी परखत रहब नित, इनहि न पलटत बार॥
सज्जन सुणीयो कान दे, इह आश्रम के बीच।
नीती न जाने जो पुरुष, करे काम वह नीच॥
क्रियावन्त सपूत वरु, पुत्र एकही होत।
कुल भासत नर श्रेष्ठ से, ज्यों शशि निशा उदोत॥
शुभ तरुवर ज्यो एकही, फुल्यो फल्यो सुवास।

ब्यापारी ऊद्यम करे, गहरो ढधि नहीं धार ॥
वनमें सुखसे हरिण जिमि, तृण भोजन भलजान।
देहु हेमें यह दीन वच, भाखन नहिं मन आन ॥
मुर्ख शिष्य ऊपदेश करि, दारा दुष्ट बसाय।
वैरी को विश्वास करि, पंडित हू दुख पाय ॥
भय लजा अरु लोक गति, चतुराई दातार।
जिसमें नही है पांच गुण, संग न कीजै यार ॥
काम भेज चाकर परख, बन्धु दुख मे काम।
मित्र परख आपद पड़े, वे भव छीन लख वाम ॥
सींग नखनके पशु नदी, शास्त्र हाथ जिही होय।
नारी जन अरु राज कुल, मत विश्वास हु कोय ॥
इस औसर चेता नही, पशु ज्यो पाली देह।
राम नाम जाना नही, अन्त परी मुख खेह ॥
मांगन मरण समान है, मत कोई मांगो भीख।
मांगन ते मरना भला, यह सतगुरु की सीख ॥
ज्यों नयन में पूतली, त्यो खालिक घट मांहि।
मूर्ख नर जाने नही, बाहर ढूंढन जाहि ॥

कस्तूरि कुण्डल वसै, मृग ढूंढ़े वन मांहि।
ऐसे घट घट ब्रह्म है, दुनिया जाने नांहिं॥
चतुराई चूल्हे परो, यम गहि ज्ञानहि खाय।
तुलसी प्रेम न राम वद, सब जर मूल नशाय॥
ज्ञान घटावै मान पद, ज्ञानहि देय बढ़ाय।
रहसि मुक्ति पावै यती, कामी रहत लपटाय॥
पतिव्रता को सुख घना, जाके पति हैं एक।
मन मैलो व्यभिचारिणी, जाके खसम अनेक॥
पतिव्रता पतिको भजे, और न अन्य सुहाय।
सिंह-बचा जो लंघना, तो भी घास न खाय॥
तब लगि हमतें सब बड़े, जब लग हैं कुछ चाह।
चाह रहित कहको अधिक, पाय परम पद थाह॥
गये पलट आवे नहीं, सो करु मन पहचान।
आज जोई सोई कालहि है, तुलसी भर्म न मान॥
कबिरा जो दिन आज है, सो दिन नांही काल।
चेत सके तो चेतिये, मीच परी है ख्याल॥
मेरा संगी कोई नहीं, सबै स्वारथी लोय।

सुन परतीति न ऊपजे, जीव विश्वास न होय ॥
कबिरा ऐसा संसार है, जैसा सैमल फूल ।
दिन दश के व्योहार में, भूठे रंग न भूल ॥
बिरछा फलैं न आप को, नदी न अचवे नीर ।
परोपकार के कारणे, सन्तन धरो शरीर ॥
जाके उर वर बासना, भई भास कछु आन ।
तुलसी ताहि विडम्बना, केहि विधि कथहि प्रमान ॥
बड़े विवेकी तजत है, सम्पति सुत पितु मात ।
कन्था और कोपीन हू, हमसे तजो न जात ॥
समदृष्टि तव जानिये, शीतल समता होय ।
सव जीवन की आत्मा, लखैं एकसी सोय ॥
समदृष्टि सतगुरु किया, भरम किया सव दूर ।
दूजा कोई दीखे नहीं, राम रहा भरपूर ॥
पानी केरा बुदबुदा, अस मानुष की जात ।
देखते ही छीप जायगा, ज्यों तारा प्रभात ॥
कबिरा पानी हौजका, देखत गया बिलाय ।
ऐसे जिवरा जायगा, दिन दस ढीली लाय ॥

सातों शब्दज वाजते, घर २ होते राग।
ते मन्दिर खाली परे, बैठन लागे काग ॥
परदा रहती पद्मनी, करती कुलकी कान।
छड़ी जु पहुंची कालकी, डेरा हुवा मैदान ॥
साथी हमरे चली गये, हम भी चालनहार।
कागद में बाक़ी रही, तातें लागी वार ॥
ऊंचा महल चिनाइया, सुवरन कली बुलाय
ते मन्दिर खाली परे, रहे मसाना जाय ॥
मलमल खासा पहरते, खाते नागर पान।
टेढे होकर चालते, करते बहुत गुमान ॥
महलन मांही पोढते, अतर अंग लगाय।
ते सुपने दीसे नहीं, देखत गये विलाय ॥
कविरा सुपने रैन को, उघरि आये नैन।
जीव परा बहु लुट में, जागूं तो लेन न दैन
यन तन कांचा कुम्भ है, मांहि किया रहवा
सौनिगुनियनसे अधिक, एक पुत्र सु विचा
एक चंद्र तमको हरै, तारा नही हजार ॥

कबिरा नैन निहारिया, नहीं पलक की आस ॥
तुलसी जग में आइके, कर लीजे दो काम ।
देवे को टुकड़ा भलो, लेवे को हरि नाम ॥
प्रेम २ सब कोई कहे, प्रेम न चीन्हे कोय ।
आठ पहर भीना रहे, प्रेम कहावे सोय ॥
लौ लागी जब जानीये, छुटि न कबहूं जाय ।
जीवन लौ लागी रहे, मुवा माहिं समाय ॥
मन पक्षी तब लगि उड़े, विषय वासना मांहिं ।
ज्ञान बाज की झपट मे, जब लगि आया नांहि ॥
मनके बहुते रङ्ग हैं, छिन २ मध्ये होय ।
एक रङ्ग मे जो रहे, ऐसा विरला कोय ॥
जेती लहर समुद्र की, तेती मन की दौरि ।
सहजे हीरा ऊपजे, जो मन आवे ठौरि ॥
मन के मते न चालिये, मन का मता अनेक ।
जो मन पर असवार है, ते साधू कोई एक ॥
गोधन गजधन वाजिधन, और रतन धन खानि ।
जब आवे सन्तोष धन, सब धन धूरि समान ॥

ज्ञान गरीबी गुण धर्म, नर्म वचन निरमोप।
तुलसी कबहूं न छाडिये, शील सत्य सन्तोष॥
नारि निरखि न देखिये, निरिख न कीजै दौर।
देखत ही तें विष चढै, मन आवे कछु और॥
सर्व सोना की सुन्दरी, आवे बास सुवास।
जो जननी हो आपनी, तौहु न बैठे पास॥
कामिनी काली नागिनी, तीन लोक मंझारि।
नाम सनेही ऊबरा, विषिया खारे झारि॥
अविनाशी विचधार तिन, कुल कंचन अरु नार।
जो कोई इन ते बच चलै, सोई उत्तरे पार॥
काम क्रोध मद लोभ की, जब लग घट में खानि।
कहा मूर्ख कहा पंडिता, दोनों एक समान॥
रामहिं थोरा जानिके, दुनियां आगे दीन।
जीवन को राजा कहे, माया के आधीन॥
तुही रीझत क्यों नही, कहा रिझावत और।
तेरेही आनन्द से, चिन्तामणि सब ठौर॥
बांधे सोही भोगवे, कर्म शुभा शुभ भाव।

फल निर्जरा होत है, यह समाध चित चाव ॥
पुण्य हीण को न मीले, भली वस्तु का जोग ।
जब द्राक्ष पक्कान लगे, तव काग कंठ होय रोग ॥
चिड़ी कमेड़ी कागला, रात चुगण नहीं जाय ।
नर देह धारी मानवी, रात पड्या क्यों खाय ॥
आंधो जीमण रातरो, करे अधर्मी जीव ।
जीतव आणे छो कार, दे नरकारी नीव ॥
पाखंडी पूजा करे, पंडित नही पहचान ।
गोरस तो घर २ विके, दारु विके दुकान ॥
गुरु लोभी चेला लालची, दोनुं खेले दाव ।
दोनुं डूबे बापड़े, बैठ पत्थर की नाव ॥
एक एक के पीछे चले, रस्ता न कोई बूझता ।
अन्धे फसे सब घोर में, कहां तक पुकारे सूजता ॥
दीवी पण लागी नहीं, रीते चूले फूंक ।
गुरु बिचारा क्या करे, चेले मांहि चूक ॥
दिधा गाली एक है, पलट्या गाल अनेक ।
जो गाली देवे नहीं, तो रहे एक की एक ॥

सीधी साहाही मोक्ष दे, ऊलटी दुर्गत देत।
अक्षर तीन को ओलखो, दोय लघु गुरु एक ॥
जैसी जिस पास वस्त है, वैसी दे दिखलाय।
वांका बुरा न मानीय, वो लेन कहां से जाय॥
गाली खमे में गुण घणा, गाली दिये में दोष।
ऊसको मिलेगी नारकी, उसको मिलेगी मोक्ष ॥
बुरा २ सबको कहूं, बुरा न दीसे कोय।
जो घर सोधूं आपणो, तो मुझ से बुरा न कोय॥
आपा वहां ही आपदा, चिन्ता जहां ही सोग।
ज्ञान विना यह न मिटे, जालिम मोटो रोग ॥
वचन रत्न मुख कोटड़ी, होट कपाट जड़ाय।
पेरायत वतीस है, रखे परवश पड़ जाय ॥
इर्या भाषा एषणा, ओलखजो आचार।
गुणवत साधू देखकर, वंदो वारंवार ॥
विरले नर पण्डित गुनी, विरले बुझनहार।
दुख खण्डन विरले पुरुष, ते उतम संसार ॥
तुलसी साथी विपत के, विद्या विनय विवेक।

साहस सुकृत सत्यव्रत, राम भरोसे एक ॥
नीच संग सम जानीवो, सुनि लखि तुलसीदास।
ढील देत महि गिर परत, खैंचत चढत अकाश ॥
एक घरी आधी घरी, आधी सो भी आध।
कविरा संगति साधु की, कटे कोटि अपराध ॥
कविरा संगति साधु की, नित प्रति कीजे जाय।
दुर्मति दूर वहावसी, देसी सुमति वताय ॥
जडताई मति की हरत, पाप निवारत अंग।
कीरति सत्य प्रसन्नता, देत सदा सत्संग ॥
सवसे ऊँचे सुकविजन, जानत रसको सोत।
जिनके यशकी देह को, जरा मरण नही होत ॥
स्वारथ के सव हीं सगे, विन स्वारथ कोई नाहिं।
सरस वृक्ष पंक्षी वसे, निरस भये उडि जाहिं ॥
विना कहेहु सत्यपुरुष, परकी पुरे आस।
कौन कहत हैं सूरकों, घर घर करत प्रकाश ॥
विद्या मित्र विदेश में, घरमें नारि मित्र।
रोगहिं औषध मित्र हैं, मरे धर्म है मित्र ॥

जो पूरे एक वर्ष भर, मौनधार नित खात ।
युग कोटिन के सहत तक, स्वर्ग मांहिं पुजि जात ॥
लेन देन धन अन्नके, विद्या पढने माहिं ।
भोजन सभा विवाह में, तजै लाज सुख ताहिं ॥
एक एक जल बूंद के, परत घटहु भरि जाय ।
सब विद्या धन धर्मको, कारण यही कहाय ॥
जो सवही को देत है, दाता कहिये सोय ।
जलधर बरसत सम विषम, थल न विचारत कोय ॥
कबिरा तृष्णा पापनि, तासों प्रीति न जोरि ।
पैंड पैंड पाछे परै, लागै मोटी खोरि ॥
भले बुरे गुरु जन वचन, लोपत कबहुं न धीर ।
राज काज को छांडि के, चले विपिन रघुवीर ॥
मान धनी नर नीच पै, जाचे नाहीं जाय ।
कबहुं न मांगे स्यार पै, बरु भुखो मृगराय ॥
निबल जान कीजे नहीं, कबहुं वैर विषाद ।
जीते कछु शोभा नहीं हारे निन्दावाद ॥
निन्दक एकहु मति मिले, पापी मिले हजार ।

एक निन्दक के सीस पर, हजार पाप को भार॥
उत्तम पर कारज करे, अपनो काज विसार।
पुरे अन्न जहान को, ता पति भिक्षा धार॥
अमृत भरे तनमन वचन, निशदिन जग उपकार।
पर गुण मानत मेरु सम, विरले जन संसार॥
सुत आज्ञाकारी जिनहिं, अनुगामिनि तिय जान।
विभव अलप संतोषतेहि, सुरपुर रहां पिछान॥
ते सुत जे पितु भक्तिरत, हित कारक पितु होय।
जेहि विश्वास सोइ मित्रवर, सुख दायक तिय सोय
कारज हनत परोक्ष में, प्रिय वच मिलत विशेष।
तेहि मित्रन कूं दूर तज, विष घट पय मुख पेष॥
नहिं विश्वास कुमित्र कर, कीजिय मित्तहु कौन।
कहहि मित्त कहु कोपकरि, गोपहु सब दुख भौन॥
कहा होय तेहि धेनु जो, दुध न गाभिन होय।
कौन अर्थ वहि सुत भये, पण्डित भक्त न जोय॥
भूपति औ पण्डित वचन, औ कन्या को दान।
एकै एकै बार ये, तीनो होत समान॥

भोजन विष है विनु पचे, शास्त्र विना अभ्यास।
सभा गरल सम रङ्कहि, बूढहि तरुनि पास ॥
आलस ते विद्या नशें, धन औरन के हाथ।
अल्प बीज से खत अरु, दल दलपति विनु साथ॥
सुनिके जानै धर्मको, सुनि दुर्बधि तजि देत।
सुनके पावत ज्ञान हू, सुनै मोक्षपद लेत ॥
अरथ नाश मन ताप अरु, दूर चरित घर मांहि।
वंचनता अपमान विज, सुघर प्रकाशित नांहि ॥
दृष्टि शोधि पग धरिय मग, दीजिय जल पट शोधि।
शास्त्र शोधि बोलिये वचन. करिय काज मन शोधि॥
दान शक्ति प्रिय बोलवो, धीरज उचित विचार।
ये गुण सीखे ना मिले, स्वाभाविक हैं चार ॥
मूर्खता अरू तरुणता, है दोउ दुख दाय।
पर घर वसिवो कष्ट अति, नीति कहत अस गाय॥
चातुरता सुत कूं सुपितु, सिखवत वारहिवार।
नितिवंत बुधिवंत को, पूजत सब संसार ॥
तात मात अरि तुल्य ते, सुत न पढावत नीच।

सभा मध्य शोभत न सो, जिमि वक हंसन वीच ॥
पाप दृष्टि दुर्जन दुरा, चारी दुर्वस जोय।
जेहिं नरसो मैत्री करत, अवस नष्ट सोइ होय॥
खलहु सर्प इन दहुनमें, भला सर्प खल नाहिं।
सर्प दसत है कालमें, खलजन पदपदमाहिं ॥
मर्यादा सागर तजै, प्रलय होनके काल।
उत साधू छोडे नही, सदा आपनी चाल॥
मूर्खको तजि दीजिये, प्रगट द्विपद पशु जान।
वचन शूल्यते वेधहीं, अंगहिं काट समान ॥
आपद हित धन राखिये, धनिहिं आपदा कौन।
संचितहू नशि जात है, जो लक्ष्मी करू गौन ॥
जहां न आदर जीविका, नहिं प्रिय वन्धु निवास।
नहिं विद्या जेहि देश मे, वसहु न दिन इकवास॥
धनिक वेदविप्र भूप अरू, नदी वैद्य पुनि सोय।
वसहु नाहिं इक दिवस तहँ, जहँ यह पंच न होय॥
दान दच्छता लाज भय, यात्रा लोगन जान।
पांच नही जहँ पेषिये, तहां न वसहु सुजान ॥

काज चलाए पर खचर, बन्धु परख दुख होय।
मित्र परखियतु बिपति में, विभव विनाशित जोय।
सत्य मधुर भाखे वचन, और चतुर शुचि होय।
पति प्यारी औ पतिव्रता, तिया जानिये सोय॥
दया रहित धर्महिं तजै, औ गुरू विद्या हीन।
क्रोध मुखी तिय प्रीति विनु, बान्धव तजै प्रवीन।
हौं केहिको का शक्ति मम, कौन काल अरु देश
लाभ खर्च को मित्रको, चिंता करे हमेश॥
राजतिया औ गुरूतिया, मित्रतियाहु जान।
निजमाता औ सासु ये, पांचौ मातु समान॥
पूजि जात है भ्रमनसे, द्विज योगी औ भूप।
भ्रमण किये नारी नसै, ऐसी नीति अनूप॥
बृद्ध समय जो मरू तिया, बन्धु हाथ धन जाय।
पराधीन भोजन मिलें, अहै तीन दुखदाय॥
धर्म शील गुण नाहिं जेहि, नहिं विद्या तप दान।
मनुज रूप भुवि भार ते, विचरत मृगकरि जान॥

इति

जबतें जन्म लेत, तबहि तें आयु घटे ।
माई तो कहत, मेरो बडो होत जात है ॥
आज और काल और दिन २ होत और ।
दौरयो २ फिरत, खेलत और खात है ॥
बालपन वीत्यो जब यौवन लाग्यो हैं ।
सुन्दर कहत, ऐसे देखत ही बुझिगयो ।
तेल घटि गये, जैसे दीपक बुझात है ॥ १ ॥
मीठी २ बात कही, तोस्युं लपटायगो ।
संकट पड़ेगा जब तेरी नहीं कोई तब;
वक्त की वेला कोई काम नहीं आयगो ॥
सुन्दर कहत तुं तो याही ते विचार देख ;
तेरे यह किये हैं कर्म, तूं ही फल पायगो ॥ २ ॥

इति

जैसे पंकज पत्र पर, जल चंचल ढरि जात ।
त्योंही चंचल प्राण हू, तज जैहे निज गात ॥
तजि जैहें निज गात, बात यह नीके जानत ।
तोहू छांडि विवेक, नृपन की सेवा ठानत ॥
निज गुण करत वखाण, निलजता उघरी ऐसे ।
भुल गयो ज्ञत ज्ञान, मूढ़ अज्ञानी जैसे ॥ १ ॥
दौलत पाय न कीजिये सपने में अभिमान ।
चञ्चल जल दिन चारको ठाऊं न रहत निदान ॥
ठाऊँ न रहत निदान, जियत जगमें यश लीजे ।
मीठे वचन सुनाय, विनय सबही की कीजे ॥
कह गिरधर कविराय, अरे यह सब घट दौलत ।
पाहुन निशी दिन चारि, रहत सबही के दौलत ॥२॥

रहनो सदा इकन्त को, पुनि भजनो भगवन्त ।
कथन श्रवण अद्वैत को, यही मतो है सन्त ॥
यही मतो है सन्त, तत्त्वको चिंतवन करनो ।
प्रत्यक ब्रह्म अभिन्न, सदा उर अन्तर धरनो ॥
कह "गिरधर" कविराय, वचन दुर्जन को सहनो ।
तज के जन समुदाय, देश निर्जन में रहनो ॥ ३ ॥

बहता पाणी निर्मला, पड़ा गन्ध सो होय ।
त्यों साधु रमता भला, दाग न लागे कोय ॥
दाग न लागे कोय, जगत से रहे अलहदा ।
राग द्वेष युग प्रेत, न चित्त को करे विच्छेदा ॥
कह "गिरिधर" कविराय, शीत उष्णादिक सहता ।
होय न कहूं आसक्त, यथा गङ्गा जल बहता ॥ ४ ॥

गुरु बिन ज्ञान नहिं, गुरु बिन ध्यान नहिं;
गुरु बिन आतम विचार न लहतु है ॥
गुरु बिन प्रेम नहिं, गुरु बिन नेम नहिं;
गुरु बिन शीलहु, संतोष न गहतु है ॥
गुरु बिन प्यास नहिं, बुद्धिको प्रकाश नहिं;
भ्रमहूको नाश नहिं, संशय रहतु है ॥
गुरु बिन बाट नहिं कौडी बिन हाट नहिं;
सुंदर प्रगट लोक, वेद यों कहतु है ॥ १ ॥
पढेके न बैठो पास, अक्षर न वांचि सकै;
बिनही पढेतें कैसे, आवत हैं फारसी ॥
जौहरीके मिले बिन, परखि न जानै कोई;

हाँथ नग लिये रहैं, संशय न टारसी ॥
वैदहु न मिल्यो कोउ, बूटीको बताइ देत;
भेद विनु पाये वाके, औषध है चारसी ॥
सुन्दर कहत मुख, रंचहु न देख्यो जाइ;
गुरु विन ज्ञान जैसे, अँधेरेमें आरसी ॥ २ ॥
बेर बेर कह्यो तोहिं, सावधान क्यूं न होइ;
ममताकी मौत शिर, काहेको धरतु है ॥
मेरो धन मेरो धाम, मेरे सुत मेरी वाम;
मेरे पशु मेरो ग्राम, भूल्योही फिरतु है ॥
तू तो भयो बावरो, विकाय गइ बुद्धि तेरी;
ऐसो अन्ध कूप गेह, तामें तू परतु है ॥
सुन्दर कहत तोहिं, नेकहू न आवै लाज,
काजको विगारके, अकाज क्यो करतु है ॥ ३ ॥
मेरो देह मेरो गेह, मेरो परिवार सब;
मेरो धन माल मैं तो, बहुविधि भारो हूं ॥
मेरे सब सेवक हुकुम, कोऊ मेटै नाहिं;
मेरी युवतिको मतो, अधिक पियारो हूं ॥

मेरो वंश ऊंचो, मेरे बाप दादा ऐसे भये;
करत बडाईं मैं तो, जगत उजारो हूँ ॥
सुन्दर कहत मेरो मेरो, करि जानै शठ;
सोई नहिं जानै मैं तो, कालहीको चारो हूँ ॥४॥
झूठो धन झूठो धाम, झूठो सुख झूठो काम;
झूठी देह झूठो नाम, धरिकै भुलायो है ॥
झूठो तात झूठो मात, झूठे सुत दारा भ्रात;
झूठो हित मानि मानि, झूठो मान लायो है ॥
झूठो लैन झूठो दैन, झूठो सुख बोलै बैन;
झूठे झूठे करै फैन, झूठहीकूं धायो है ॥
झूठहीमें एतो भयो, झूठहीमें पचि गयो;
सुंदर कहत साच, कबहूं न आया है ॥ ५ ॥

इति

कौन तेरे मात तात कौन सुत दारा भ्रात, कौन तेरे न्याती मिले, सब ही स्वार्थी। अर्थके खुटाउ हैं, जी धनके वटाऊ, होय तो वटाय लेवें, मिलके धनार्थी॥ तेरी पति कौन बूजे, स्वार्थ के मांही पुजे, भव २ मांदी उलजे कोई न पर-मार्थी। चैतन्य विचार चित, एक लो है तूही नित, उलट चलत आपो आपही अकार्थी॥ १॥

पलमें घन घोर घीरे नभमें, पलमें रस कूप दिखा-वत है, पलमें धनवान अनाथ वने, पलमें सुख-कर दुःख आवत है। पलमें जीना मरना पलमें, पलमें खेल रचावत है, पलकी पलमें पलकी पलमें, कुछसे कुछ रूप बनावत है॥ २॥

बातहि से दशरथ मरे, अरु बातहिं राम फिरे बन जाई। बातही से हरिचन्द सहे दुख, बातहि

राज्य दियो मुनिराई ॥ रे मन; वात विचारो सदा, वहु बातकी गात में राख सचाई । बात ठिकान नहीं जिनकी, तिन बाप ठिकान न जानेहु भाई ॥ ३ ॥

छांडके संसार छार, छार से विहार करे, माया को निवारी, फिर माया दिलधारी है, पिछलातो धोया कीच, फिर कीच बीच रहे, दोनो पंथ खोये, वात वणी सो विगाड़ी है, साधू कह-लाय, नारि निरखत लोभाय और कंचन की करे चहाय, प्रभुता पसारी है, लिनी है फकीरी, फिर अमीरी की आस करे, कायको धिक्कार, शिरकी पगड़ी उतारी हैं ॥ ४ ॥

पुत्र कलत्र सुमित्र चरित्र, धरा धन धाम हैं वन्धनजीको । वारहिं वार विषे फल खात, अघात न जात सुधारस फीको ॥ आन औसान तजो अभिमान, कही सुन नाम भजो सिय पीको । पाय परमपद हाथ सों जात, गई सो गई अब राख रहीको ॥ ५ ॥

पितु धीरज ओ जननी जु, मन निग्रह भ्रात सहोदर है। सुत सत्य दया भगीनी गृहणी, शुभ शन्ति हू सेव में तत्पर है॥ सुख सेज सजी धरणी दिशी अम्बर, ज्ञान सुधा शुभ आहर है। जिव योगिनके जू कुटम्बिय है, कहू मीत तिन्हे किन्ह को डर है॥ ६॥

माया जोरि जोरि, नर राखत जतन करि। कहत है एक दिन, मेरे काम आइ है॥ तोहिं तौ मरत कछू, वेर नहिं लागे शठ। देखत हिं देखत बबूला, सो विलाइ है॥ धन तो धरयो ही रहे, चलत न कौड़ी गहै। रीते हाथन से जैसो आयो, तैसो जाइ है॥ करिले सुकृत, यह वेरिया न आवै फेरि। "सुन्दर" कहत, नर पुनि पछिताइ है॥ ७॥

वैरी घर मांहि तेरे, जानत सनेही मेरे। दारा सुत वित्त तेरे, खोसि-खोंसि खांयगे॥ औरहु कुटुम्बी लोग, लूटें चहु ओरहो ते। मीठी बात

कहि, तोसूं लपटायेंगे। सङ्कट परेगो जब, कोई नहीं तेरो तब। अन्तही कठिन, वाकी बेर उठि जायेंगे। "सुन्दर" कहत, तातें झूठो ही प्रपञ्च सब। स्वपनकी नाईं यह देखत बिलायगें ॥८॥

घरी-घरी घटत, छीजत जात छिन-छिन। भीजत ही गरिजात, माटी को सो ढेल है। मुक्ति के द्वार आई, सावधान क्यूं न होई॥ बेर-बेर चढत न, तिया को सो तेल है। करि ले सुकृत, हरि भजले अखण्ड नर॥ याही मे अन्तर पड़े, यामें ब्रह्ममेल है। मनुष्य-जनम यह, जीत भावै हार अब॥ "सुन्दर" कहत यामें जूआको सो खेल है ॥९॥

करत-करत धन्ध, कछु न जाने अन्ध। आवत निकट दिन, आगले चपाकदे॥ जैसे बाज तीतर कुं, दाबत है अचानक। जैसे बक मछरी कुं, लीलत लपाकदे॥ जैसे मक्षिकाकी घात, मकरी करत आय। जैसे सांप मूसक कुं, ग्रसत गपाक दे॥ चेत रे अचेत नर, सुन्दर

सँभार राम। ऐसे तोहिं काल आय, लेइगो टपाक दे ॥ १० ॥

मेरो देह, मेरो गेह, मेरो परिवार सब। मेरो धन-माल, मैं तो बहुविधि भारो हूं ॥ मेरे सब सेवक, हुकम कोउ मेटे नाहिं। मेरी युवतीको मैं तो अधिक पियारो हूं ॥ मेरो वंश ऊंचो, मेरे बाप-दादा ऐसे भये। करत बडाई, मैं तों जगत-उजारो हूं ॥ सुन्दर कहत मेरो मेरो करि जानै शठ। ऐसे नाहिं जाने, मै तो कालहीं को चारो हूं ॥ ११ ॥

सन्त सदा उपदेश बतावत। केश सबै शिर श्वेत भये हैं ॥ तूं ममता अजहूं नहिं छांडत। मौतहु आई सन्देश दये है ॥ आजु कि काल चलै उठी मूर्ख। तेरेहि देखत केते गये है ॥ सुन्दर क्युं नहिं राम सँभारत। या जगमें कहु कौन रहे हैं ॥ १२ ॥

मात पिता युवती सुत वान्धव । लागत है सब कु
अति प्यारो ॥ लोक कुटुम्ब खरो हित राखत
होय नहीं हमते कहुं न्यारो ॥ देह स्नेह तहां लग
जानहु । बोलत है मुख शब्द ऊचारो ॥ सुन्दर चेतन
शक्ति गई जब । वेगि कहें घर वार निकारो ॥१३॥

रूप भलो तबही लग दिसत । जौं लग
बोलत चालत आगे ॥ पिवत खात सुनै औ
देखत । सोई रहे उठिके पुनि जागे ॥ मात पिता
भइया मिलि बैठत । प्यार करे युवती गल
लागे ॥ सुन्दर चेतन शक्ति गई जब । देखत
ताहि सबै डर भागे ॥ १४ ॥

कामिनी को अङ्ग अति, मलिन मह
अशुद्ध । रोम २ मलिन, मलिन सब द्वार है ।
हाड मांस मज्जा मेद, चामसूं लपेट राखै ।
ठौर २ रक्त के, भरेई भंडार है ॥ मूत्रहू पुरीष
आंत, एकमेक मिल रही । और ही ऊदर मांहि
विविध विकार है ॥ सुन्दर कहत, नारि नख

शिख निंद्यरुप। ताहि जो सरावे, सो तो बड़ोई गंवार है ॥ १५ ॥

काम ही न क्रोध जाके, लोभ ही न मोह ताके। मद ही न मत्सर, न कोऊ न विकारो है ॥ दुख ही न सुख माने, पाप ही न पुण्य जाने। हर्ष न शोक आनै, देह ही ते न्यारो है ॥ निन्दा न प्रशंसा करे, राग ही न द्वेष धरै। लेन ही न देन जाके, कुछ न पसारो है ॥ सुन्दर कहत, ताकी अगम अगाध गति। ऐस कोऊ साधु, सो तो रामजी कुं प्यारो है ॥ १६ ॥

इति

॥ श्री जय जिनेंद्राय नमः ॥

आदि नमुं ऋषभादिको, द्वितीय नमुं गुरुपाय, तृतीय शारदा मात को, स्मरण करुं हरखाय ॥ १ ॥ श्राद्ध स्तव उपयोगीये, रच्यो भव्य सुखदाय।

बहुसूत्रे संग्रह कीयो, पक्षपात तजि भाय ॥२॥
रवि शसि जबलों जगतमें, रहत सदा करि तेज।
तबलों जैन समाज नित, रखहुं ग्रंथ पर हेज॥३॥
कालिकट से प्रसिद्ध करुं, पर निज हित काज।
रुची सहित याको पढत, पावत सुखनो साज॥४॥
अल्प बुद्धिमें बाल हूं, विद्धन् सुं अरदास।
लिखा वही देखा यथा, मत कीजे मुज हास॥५॥
सूत्रार्थ जाणुं नहीं, जिन वाणी अनुसार।
भूल चूक दृष्टि पड़े, लीजे आप सुधार॥ ६ ॥
ओसवंस कुल सेठीया, विक्रमपुर घर खास।
पानमल नित वीनवे, पूरण करिय हुं आस॥७॥
उगणिसेय गुणीयासिये, शुक्ल पक्ष नभमास।
जैन धर्म प्रशाद करि, संग्रह कीयो उल्लास॥८॥
वेर वेर विनती यही, रखिये यांपर ध्यान।
सफलात्मा मेरी तभी, समझुं मे बहुमान॥ ६ ॥

शुभं भवतु

॥ अन्तिम मङ्गल श्लोक ॥

शिवमस्तु सर्व जगतः
परहिता निरता भवंतु भुतगणाः
दोप प्रयान्तु नाशं सर्वत्र
सुखी भवतु लोकः ॥

॥ इति श्रावक स्तवन सज्झाय सग्रह ग्रन्थ समाप्तम् ॥

शुभ भवतु

॥ दोहा ॥

पिंगलगण जाणु नही, अल्पमती अनुसार ;
रची अर्पण करू जेष्टने, पंडित लीजो सुधार।

॥ श्रीरस्तु ॥

ॐ

शान्ति ! शान्ति !! शान्ति !!!

सेवंभंते सेवंभंते गौतम बोले सही,
श्रीमहावीर के वचनामें कुछ सन्देह नहीं ।

जैसा लिखा हुवा ग्रन्थ, पुस्तक, पानेमें देख्या, वाच्या, तथा सज्जनसे धास्या, सुण्या वैसा ही अल्प बुद्धिके अनुसार लिखा है, तत्व केवली गम्य,

अक्षर, कानो, मात, अनुस्वार, ह्रस्व, दीर्घ, पद आगो पिछो, ओछो अधिको, जिनवाणी विपरीत अशुद्ध पणे लिख्यो होय तथा कोई तरहकी छपाने में ज्ञानादिक की विराधना कीनी होय, जाणते अजाणते कोई दोष लाग्यो होय तो मन वचन काया करी मिथ्या दुष्कृत देत हुँ

॥ विनित ॥

भैरोदान तत्पुत्र पानमल सेठिया ।

शुभं भवतु

इति श्रावक स्तवन सज्झाय सग्रह ग्रन्थ समाप्तम्

पत्र व्यवहार नीचे लिखे हुये पतेसे करें और पता नागरी व अंग्रेजीमें साफ हरफों में पूरा लिखें।

पुस्तक मिलनेका पता

अगरचन्दजी भैरोंदान सेठिया

का

श्री जैन ग्रन्थालय

मोहल्ला मरोटीयाका

बीकानेर—राजपूताना।

Augarchand Bhairodan Sethia

JAIN LIBRARY

Moholla Marotian

Bikaner, Rajputana

☞ पुस्तक मिलने का पता—

पानमल उदैकर्ण सेठिया ।

नं० १०८ पुराना चिनाबजार ष्ट्रीट,

चिट्ठीका पता—

पोस्ट बक्स नं० २५५ कलकत्ता ।

तारका पता—

"सेठिया" कलकत्ता ।

☞ SRAWAK STAWAN SANGRAH. ☜

To be had at—

Panmull Oodeycurn Sethia

Coral & Pearl Merchants

Office—108, Old China Bazar Street.

CALCUTTA

Letter Address—**Post Box 255 CALCUTTA**

Telegraphic Address—**"SETHIA"**

CALCUTTA

❋ लहरचन्द सेठिया ❋

जन्मदिवस सम्वत् १९६० मिती चैत सुदा ३ इष्ट ३९।५

LAHARCHAND SETHIA

BIRTHDAY 31ST MARCH 1903

अनुक्रमणिका ।

विषय	पृष्ठ

विषय	पृष्ठ

विषय	पृष्ठ

मंगल-श्लोक ।

अर्हन्तो भगवंत इन्द्रमहिताः सिद्धाश्च सिद्धिस्थिता·
आचार्या जिनशासनोन्नतिकरा पूज्या उपाध्यायकाः
श्री सिद्धान्त सुपाठका मुनिवरा रत्नत्रयाराधका·
पंचैते परमेष्टिन· प्रतिदिनं । कुर्वन्तु वो मंगलम् ॥

॥ दोहा ॥

प्रभुनामें सुख संपजे, आपद जावे दूर।
अष्ट सिद्धि नवनिधि मिले, कर्म्म हुवे चकचूर ॥१॥
आदिदेव अरिहंतजी, भयभंजन भगवंत।
केवल कमला धारजे, पायो भव जल अंत ॥२॥
तास चरणमें शिरधरी, प्रणमुं परम उल्लास।
गुरु गिरवा ज्ञान निधि, सफल करो मम आस ॥३॥
शांति सुधारस जल भरा, कांती वपु गुणवान।
आत्म ज्ञानकी ज्योतिसे, लगी तान गुलतान ॥४॥
ऐसा गुरुपद कमलमें, परिमल रहो पुराय।
ज्ञान-सुवासकी गरजसे, मन मधुकर लपटाय ॥५॥
नित्य नित्य नूतन नेहसे, नमन करूं गुरुराय।
कृपा करो मम ऊपर, कारज सबही थाय ॥६॥
अरिहंत ज्ञान अनंत है, जाको न लहिये पार।
किंचित् बुद्धि साधने, करूं हूं तास विस्तार ॥७॥

श्रीशांतिनाथजीका छंद

॥ छंद-दोहा ॥

जिन केसरपे शांतिनाथ धणी तिणकुं कुशल गुरू क्या डररे, भूतरु परीत मसाण में तूं कुंडल में पग जाय धररे ॥ जिन केसर पे० १॥ जंगल और पहाड़नमे तूं ओघट घाट किया कररे ॥ जिन केसर पे० २॥ संको मती तरवारनसे रण भारतमे ठहरया कररे ॥ जिन केसर पे० ३॥

॥ दोहा ॥

शांतीनाथ प्रभु शांतीके दाता विघन हरण अंतरजामी, सुख संपतीने लीला लछमी, मन वंछित पूरण स्वामी ॥१॥

सोलहमा जिनजी शांतीनाथ शाता कारी-
जी, थांहरी दरसणरी बलीहारी, थांहरी
महीमा जगतमें भारीजी ॥ सोलहमां० १॥ श्री
हस्थिनापुर अश्वसेन राया, राणी अचलादे रा
जायाजी ॥ सोलहमां०२॥ प्रभु सर्वार्थसिद्ध चवी
आयाजी माता चउदे सुपना पायाजी ॥ सोल-
हमां० ३॥ आगे हुतो हस्थिनापुर मांही मीरगीरो
रोग गमायोजी ॥ सोलहमां० ४ ॥ थयो शांती
सदा सुखदायो, प्रभुजी जयजेकार वर्तायोजी ॥
सोलहमां० ५ ॥ प्रभु भाद्व बद सातम आया,
जेठ वदी तेरस जायाजी ॥ सोलहमां० ६ ॥
माता पिता नाम दीधो शांती कुंवर प्रसिद्धो
जी ॥ सोलहमां० ७ ॥ प्रभुजी कुंवर पणे
रह्या सरू, वर्ष सहेस पचीस हजारोजी ॥ सोल-

हमां० ८ ॥ पीछे हुवा मडलीक राया, सेंहस पचीस वर्ष थायाजी ॥ सोलहमां० ६ ॥ प्रभुजी पूरव पुन्याइ करी भारी, चक्रवर्त्ति नी पदवी धारी जी ॥ सोलहमां० १० ॥ लख चौरासी गज रथ घोड़ा, पैदल छिनु करोडोजी ॥ सोलहमां० ११॥ छव खंडकेरा राजा इसा राजा मोटा सहेस वतीसोजी ॥ सोलहमां० १२ ॥ छोटा राजा छत्तीस हजारो, सगले करे नमस्कारोजी ॥ सोलहमां० १३ ॥ एक लाखने वाणमें हजारो, ज्यांरा राणी रो परवारोजी ॥सोलहमां० १४॥ दिन दिन हरकस जोडो, बेटा हुवा डेढ़ करोडोजी ॥ सोलहमां० १५ ॥ एक दिवसरो रसोड़ो धान सीजे मण च्यार करोडोजी ॥ सोलहमा० १६ ॥ पहले पोहर मांहे वावे, दुजे पोहर मांहे पावेजी ॥ ॥ सोलहमां० १७ ॥ तीजे पोहर मांहे पकावे, चोथे पोहरमाहे जीमेजी ॥सोलहमां० १८॥ दस लाख मण लूण, इणसुं नहीं लागे उणोजी

॥ सोलहमां १९ ॥ वहोतर मण हिंगरो भगारो, निनाणुं मण सौ वेसवारोजी ॥ सोलहमां० २०॥ असी लाख मण जाणो जियांरे घृत रो परमाणो जी ॥ सोलहमां० २१ ॥ और मसाला सारा जिण रो घणो छै विस्तारोजी ॥ सोलहमां० २२॥ पांणी भरनरा पखालीया वहोत्तर हजार चाल्याजी ॥ सोलहमां० २३ ॥ सोलह सहंस रत्नोंरी खान, वीससहंस सोने रूपे री जाणोंजी ॥ सोलहमां० २४ ॥ चवदे रत्न छै भंडारो, देव सेवे पचीस हजारो जी ॥ सोलहमां० २५ ॥ ज्यारे घरमें छै नव निध्यानो, धन रो किम आवे मानोजी ॥ सोलहमां० २६ ॥ इसड़ी रिद्ध प्रभु पाइ, पण त्रणमे छटकाइजी ॥ सोलहमां० २७ ॥ प्रभुजी आंणो मन जोर वैरागो, सहंस जणां सुं होया त्यारोजी ॥ सोलहमां० २८ ॥ वर्षी दान दियो सारो, भुरतो मेलयो परिवारोजी ॥ सोलहमां० २९ ॥ जेठ वदी चवदस लीनी दिक्षा,

किनी छव काया नी रचा जी ॥ सोलहमां० ३० ॥ एक मास में केवल पायो सारो, प्रभुजी तुरंत कियो उपगारो जी ॥ सोलहमां० ३१ ॥ बासठ सेंहस अणगारो, आरज्यां नेयासी हजारो जी ॥ सोलहमां० ३२ ॥ एक लाख ने नुवे हजारो, श्रावक सेंठा व्रतधारीजी ॥ सोलहमां० ३३ ॥ तीन लाख ने तेणमे हजारो श्राविका नो परवारोजी ॥ सोलहमां० ३४ ॥ केवली तीन सौ च्यार हजारो. ज्यांने म्हारो नमस्कारोजी ॥ सोलहमां० ३५ ॥ प्रभुजी च्यारूं इ तीर्थ तारया, भव जीवांना कारज सार्याजी ॥ सोलहमां० ३६ ॥ नव सौ साधु सुं संथारो किधो, जेठ वदी तेरस सीधोजी ॥ सोलहमां० ३७ ॥ प्रभुजी जिन मार्गने उजवाल्यो मिथ्या मतने गाल्योजी ॥ सोलहमां० ३८ ॥ हुं तो जिन मारग साचो जाणुं, पाखडी देव हृदय नहीं आणुंजी ॥ सोलहमां० ३९ ॥ पाखडी देव आप आगे,

प्रभाती राग–शिखामण–पद

प्रातः समय तुम ऊठ भविक जन। आतम कारज करीयेरे ॥ टेर ॥ दुल्लभ लाधो मनुष्य जमारो । सूधी श्रद्धा धरीये रे ॥ देव निरंजन गुरू निरलोभी। धर्म दया मे आदरीये रे ॥ प्रा० ॥ १ ॥ सामायिक शुद्ध मन से करता। अशुभ कर्म दल हरीये रे ॥ नितका चवदे नेम चीतारो सम्वर मारग वरीयेरे ॥ प्रा० २ ॥ कथा सुणंता कथन न कीजे। प्रमादे नहीं अनुसरीये रे ॥ मुनि आया शुद्ध भाव धरीने ॥ प्रतीलाभी जग तरीये रे ॥ प्रा० ३ ॥ पन्नरे कर्मादान तजी जे। पापसे पिंड नहीं भरीये रे ॥ साजी साबू लोहो धावडी। वैपार यह परहरिये रे ॥ प्रा० ४ ॥ वचन सावद्य त्रिपय मत वोलो ॥

चित्त समाधिके दश बोलकी सभाय

चित्त समाधि होवे दश बोलां। भाख्यो श्री जिनराजरे प्राणी ॥ पुन्न करीने पामे चेतन। यह नर भवमें साजरे प्राणी ॥ समकित ,१ ॥ धर्म उपदेश सुणे जिनवरको । पामे चित्त हुल्लासरे प्राणी ॥ समकित रत्न प्रगटे घटमें। अनुभव रस कस खासरे प्राणी ॥ चि० २ ॥ देव अपुर्व रिद्धि वेक्रे। देखी चित्त हरखायरे प्राणी॥ आगारी अणगारी करणी। कीधाना फल पायरे प्राणी ॥ चि० ३ ॥ सुपना साचा सुखना दाता। देखे पिछली रातरे प्राणी॥ जागे तुरन्त निन्द्रा नही लेवे। पामे फल साक्षा-तरे प्राणी ॥ चि० ४ ॥ जातीस्मरण ज्ञान लेइने। पुर्व भवांतर जाणरे प्राणी। उत्कृष्टा

निश्चे होवे। अण होणी न होणहार रे। यह निश्चय कर समता पकडो। धीरज कों दृढ धार रे ॥ क्या० २ ॥ संतोषी जग में सुख पावे। डूवे लोभी अपार रे॥ ले गयो न ले जावे कोई। क्यों लोभावेगी वार रे॥ क्या० ३॥ कर कर ममता वहु धन जोड्यो। छोड़ चल्यो परवार रे॥ उसका मालिक हुवे दुसरे। खावे आप आगे मार रे॥ क्या० ४॥ चक्रवृत षट खंड रिद्ध पाइ। उपना नर्क मझार रे॥ इम केवल मनको समजावे॥ करनाल ग्रामे सुख-कार रे॥ क्या० ५॥

इति

❋ धर्म जहाज की सभाय ❋

तो उन आठ लंगर दुःखदाइ। शिवपुर जावण जहाज बणाइ ॥ आं० ॥ जन्म मरेण के जलमें देखो। संजम रूपी जहाज तिराइ ॥ सतगुरू ज्यारा खेवण वाला। भवी जीवाको लीया बैठाइ ॥ तो० १ ॥ पंच महाव्रत पंच रंग न्यारा। दृढ़ मन स्थापके धजा उड़ाइ ॥ ज्ञान रूपणी डोरी लगी है ॥ शुक्ल ध्यानसे ऊंची चढाइ ॥ तो० ॥ पंच सुमत ले पंच जिन बैठा। पंचमी गतको हुवारे उमाइ ॥ द्वादशवाला द्वादश तांइ ॥ मूर्ख देखके रह्या मुरजाइ ॥ तो० ३ ॥ उज्वल भावकी पवन लगी जव। छिनमें पहोची द्वीपके मांइ ॥ केवल रिख कर जोड़ वीनवे। ज्ञान दुरबीन सुं मुगत बताइ ॥ तो० ४ ॥

इति

नवसे लग देखे ॥ सन्नी तणा ए नाणरे प्राणी ॥ चि० ५ ॥ अवध ज्ञानना भेद असंख्या । अवधी दर्शन संगरे प्राणी ॥ देखंता बुद्ध जगे चेतन की । अपडवाइ मन रंगरे प्राणी ॥ चि० ६ ॥ मन पर्यव का भेद दोय छे । रूजू विपूल तस नामरे प्राणी ॥ ए उपज्या चित्त ठामे आवे । गुण तणो ए ठाम रे प्राणी ॥ चि० ७ ॥ केवल ज्ञान ने केवल दर्शण । पाम्या पद निरवाणरे प्राणी ॥ जन्म जरा और मरण मिटावे । सिद्धपुर सुख अहीं ठाणरे प्राणी ॥ ८ चि० ॥ पंडित मरण करे जे-प्राणी । उत्तम करणी साध रे प्राणी ॥ आवागमन रा दुःखसे छूटे । इम कह्यो जिन-राज रे प्राणी ॥ चि० ६ ॥ सम्वत उगणीसे इगसटका । वैशाख वद नव मंगलवाररे प्राणी ॥ स्यालकोट में कहे केवल रिख । दश बोले जै जैकार रे प्राणी ॥ चि० १० ॥

समता राखो सब भाइ ॥ गुरु गीतार्थका चरण भेटके सफल करो अपणी काय ॥ लख० २ ॥ रसना रटो जिनवरके नामको॥ अशुद्ध शब्द मत उच्चारो ॥ खान पानमें विचार रक्खो। तजो अभक्ष कंद मूल आहारो॥ पंखी राते नहीं चुग्गा लेवे मनुष्य होके क्यो धारो ॥ रसना वस पड मर गइ मच्छी कंठ छिदा कंट दुखकारो ।। अभक्ष भोजन रात जीमना हे भाई अती दुःखदाइ ॥ लख० ३ ॥ यह काया है कल्पवृक्ष सम कर ले अब सुकृत प्यारे॥ तप जप संजम जो बनी आवे सो चल से तेरे लारे ॥ पाय का भाग देवो दानमें ये ही लक्ष्मी का है सारे ॥ लख० ४ ॥

इति

"पांच इन्द्रीके गुण को लावणी"

चित्त लगाकर सुणो चतुर नर नरभव मुशकलसे पाया ॥ लख चौरासी भमता भमता चिन्तामणि हाथे आया ॥टेर॥ सत गुरुकेरी वाणी सुणकर कान पवित्र करो जिया ॥ विषय राग का संग निवारो अही इश्कके वश मुया ॥ नेत्र जीव दया को पाया। नीचा नेत्र जिनोने कीया ॥ उत्तम जिनको कहे लोग में। इन भव परभव सुखी हुया ॥ परनारी है दुःखकी खाण। रावण मर दुर्गत पाया ॥ लख० १ ॥ नाक नमन कर देव निरंजन। येही पदार्थ जगमांइ। सुगंध वासनाकों तज देना। अली लिपट मुवा पंकज जाइ ॥ फूल अत्तरकी गंधमें मोह्या ॥ नहीं सार कह्या जिनराइ। सुगंध दुर्गन्ध दोनु आये

अहंकारे ॥ तप जप करना लावा लेता। तुझको शुद्ध नही क्यारे॥ जब बोले पार्श्वकुवरजी। नाग नागणी क्यो जारे॥ द० ३॥ लकड़ फाड़ जले सर्प काडी। दिया श्रवण जब नवकारे॥ इन्द्र इन्द्राणीका पद देके। आप लीया संजम भारे॥ खमे परिसह केवल पाये। तारी जगती रे संसारे॥ पार्श्वप्रभु विख्यात जगतमें। नाम जप्या खेवा पारे॥ द० ४॥ चोबीसमे जिनराज दया काज। मुनिवर अपणे उगारे॥ अवनीत शिष्य गोसाला बचाया। तेजू लेस्यासे त्यारे॥ और बहु नर नारी तारे वरताये मंगला चारे। सासन सुखकारी ए वरते। नाम लिया होय निस्तारे॥ द० ५॥ देव परीक्षा कारण आये मेघरथ राजा दयाले॥ रुप परेवो करी तत-खेवे। बेठौ गोदी मझारे॥ पारधी मांगे भक्ष आपणो। राजा मास निज दियो त्यारे॥ शांतीनाथ हुये शांतीके दाता। षट पदवी तणा-

दया जगतमें है अति सुन्दर। सुण लीजो सब नरनारे॥ जिन पुरुषोंने दया जो पाली शास्त्रमें है विस्तारे॥ टेर॥ धर्म रुचीजीने दया के खातर। कडवा तुम्ब किया आहारे॥ सर्वार्थ सिद्धमें जाय विराजे हो रहे जयजयकारे॥ तेंतीस सागरका आयुष्य पाये। हो गये एका अवतारे॥ मानुष्य भवका लावा लेके गये जो मुक्ती मझारे॥ द० १॥ मेमीनाथ वावीस में जिनवर। कृष्ण वासुदेव ले लारे। छप्पन क्रोड जादव सवी आये। जान सजी खूब तैयारे॥ तोरण आये पशु छुड़ाये। तज राजुल गये गिरनारे॥ सती सगाते मुक्त सिधाइ अष्टकर्म बंधन टारे॥ द० २॥ पार्श्व प्रभुजी कवरपणमें खेलत गये गामके वारे॥ देख तापसको पूछण लागे। वोले तपसी

भंडारे ॥ अमर पडो वजायो मुलकमे । फेल्यो यशको विस्तारे ॥ क्षायिक समकितो तिर्थंकर पद उपराज्या तेहिज वारे ॥ आवती सर्पणी पद्मनाभ जिन होजासी शिवमझारे ॥दया०१०॥ साधु करे संथारा जगमें जीव दया कारण प्यारे ॥ दया जे पाले धन नरनारे सफल जिनो का अवतारे ॥ दया० ११ ॥

इति दयाकी लावणी समाप्तम्

जे धारे ॥ द० ६ ॥ परदेशी राजा अती पापी केसी समण कीयो उपगारे ॥ उपदेश सुणाई पाप छुड़ाइ । तेरे बेलासे दीयो तारे ॥ क्षमा करी सुर्याभदेव हुये। एक भवसे करे खेवा पारे ॥ गौतमस्वामी कीनी पूछा रायप्रसेणी अधीकारे ॥ द० ७ ॥ मेतारज मुनी गया गोचरी ॥ सोवनकार दीयो आहारे । सोवन जब कुकड़ले चुगीया नही बोल्या तब अणगारे ॥ सोवनकारने दीया परिसहा । क्षमा तणा मुनी भंडारे ॥ कर्म खपाया मुगत सिधाया सफल कीया जिन अवतारे ॥ दया० ८ ॥ मेघ मुनीश्वर गजके भवमें सुशल्यो दीनो उवारे ॥ संसार परत कर नरभव मांही ॥ श्रेणिक घर लीयो अवतारे ॥ आठ अंतेवर परणी परहर तज्या राज और भंडारे ॥ कर प्रभु सेवा स्वर्गका मेवा। चाखलिया जिन तत्काले ॥ दया० ६ ॥ राज-ग्रहीको राजा श्रेणिक माहामंडलिक भरे

मीयांकी दाढी वले स देखो, लोक तापवा जाय ;
हाय किम जगत हंसायोजी ॥ राखो० २ ॥
आसोज आशा सवी गमाईजी, स्यूं आई दिल
मायो; भाई सहू विलखा किया स जी, दुःख
सहियो नहीं जायो , जनम डबोयो नाहक मेरो
जी, सखियां हास्य करायो, कांई करूं म्हें
बीनती, काई सुणाऊं कूक, मूंक गयो मुझ
नाथजी स कांई, जैसे बीडी थूक, चूक कोई
नाथ बतावोजी ॥ राखो० ३ ॥ कातीमें कागल
नहीं स जी, समाचार पिण नायो ; मास वरस
आशा कढे स जी, आशा जन्म विहायो; आशा
विन वासा किसा स जी, अमने प्रभू बता-
यो ; दीसे बाहिर निर्म्मला, माही कठिन कठोर ;
ऊपर लाली झिल रही स देखो, जैसे झाड़ी
बोर, और कांई फंद लगायो जी ॥ राखो० ४॥
मृगसरसें सी चमकियो स जी, कंत गयो किम
छोड, पशु पक्षी भेला रहे स जी, क्या मुझमें थी
खोड; और न चाहूं कतनें स जी, नेम मुझे

राजुलजी को बारह मासीयो

श्याम क्यूं मुजकूं छोडीजी, राखो प्रतिज्ञा राजुल नारकी ; महाराज नेमजी, राखो प्रतिज्ञा अवला नारकी ॥ टेर ॥ श्रावण मन भावन गयो स जी, नैंना नीर वरसायोः जान बनावी आवियो स जी, तोरनसें फिर जायो; कुंन भरमायो भूठ न बोलूंजी, भूठो कलंक लगायो; सकल सखी तुम सांभलो, धरूं केम मन धीर; कुंण सुणे किणनें कहूं स म्हारे, नैणां वरसें नीर, पीर कुंण देखे पराईजी ॥ राखो० १ ॥ भादूमें जादू किम कर रूठोजी, भूठो दोष लगायो, हींयो भरायो बोल न आयोजी, नैंनां नीर भर लायो; पशु वनके शिर दोष देईने, कीयो दुशमनको चायो; लावो पतियां नाथकी, केम गये छिटकाय;

और पुरुष मुझ भ्रात हे, अथवा बाप समान;
कांइ भ्रांत छै नाथके स सखी, सो जाणे
भगवान, प्राण कहो किस विध रक्खूंजी ॥ रा०
८ ॥ चैती फूली फूटरी स जी, तरू विलंबी बेल,
बाग बगीचा फूलीया स जी जाई जुई चपेल;
हूं मुझ्भो प्रीतम विना स जी, ज्यूं दीपक विन
तेल; हेल करी मुझ नाथजी, तोरन सूं फिर जाय;
मनमे आवे एहवी स हूं, मरूं कटारी खाय;
हाय मुझ जलो जवांनीजी ॥ रा० ६ ॥ वैशाख
मास छै आकरो स जी, बाजे झाल दुझाल, चंदन
चरचे पद्मिनी स जी, पखो हाथमे झाल; घाले
शीतल वायरो स जी, करे प्रीतमसूं ख्याल; मन
की सब मनमे रही, कही कठा लग जाय; तोरन
सूं फिरजांवतां स सखी, दीधो दाग लगाय;
दाय किम हूं नही आइजी ॥ रा० १० ॥ जेठ
मास सखी आवियो स जी, धूप पड़े असराल,
दूजो तप विरह तणो स जी, सखी पवन मत

शिर मौड़, एक बेर कंत आवजो, करज्यो मनकी बात; निजरांका मेला करो स मैं, चलूं तुमारी साथ नाथ एक वैर पधारोजी ॥ राखो० ५॥ पोष मासकी वैरन रजनी, काटी कटे न कोय; कुंण मुझ राखे रोवती स जी, रही अंसुवन मुख धोय; सार न पूछी पाछली स जी ऐसी रीस क्यूं होय; कुंण ही त्यारो माहरो, कंत दियो भरमाय; घाल्यो विछोहो पापिये स जी, जिणरो मुख हुवो श्याह, दाह क्यूं हीये लगायोजी ॥ रा० ६॥ माघ मास सखी आवियो स जी, लावो कंत ममाय; देऊं बधाई तेहने स जी, पूंजूं तेहना पाय; जाय मनावो नेमने स जी, दूजी न मेरे चाय कंत कंत करती फिरूं हेरूं जिसकी वाट; फेरूं माला तेहनी स मेरे, किण विध मिटे उचाट; घाट मुझ थई पुन्याईजी ॥ रा० ७॥ फागुण वाजे वायरो स जी, वृक्ष पत्त दिये खोय; दूजे मासमें आविया स जी, पाछा हरिया होय; हूं फलूं किण आशसूं स जी, कह दो सखियां मोय;

रविवार दिन भोली दुनिया, मनुष्य जमारो पायजी ॥ छव कायारो आरम्भ करता, गयो जमारो हारजी ॥ सुणो भवियण महावीरजीरी वाणी, सत पुरपारी अमृत वाणी ॥१॥ सोमवार रे सुता मुरख, मनमत वाली नींदजी ॥ काल सिराणे आण खडो, जिम तोरण आयो बींद-जी ॥ सुणो० २ ॥ मगलवार रे मगलाचार, दया धर्मसुं प्रेमजी ॥ समायिक प्रतिकमणो करतां, लाहो ल्यो नित नेमजी ॥ सु० ३ ॥ बुधवार रे वली अवस्था, बुढापो दु:ख दायजी ॥ बैठे खाट पोलके उपरे, पड्यो करे विलापजी ॥ सुणो० ४ ॥ बृहस्पतवार रे विखो पड़ियो, कोइ न मेटण हारजी ॥ मात पितारी करो वदगी, जिम उतरो भवपारजी ॥ सुणो० ५ ॥ शुक्रवार रे शुक्राचार,

घाल, क्यूं आये थे परणवा स जी, कीधो वालक ख्याल, दुख पाऊं जाऊं कहां, कीधी खोटी कंत ; मांगी न आवे मोतडी स सखी, दुख जांणे भगवंत , दूत सब लोक दिखावेजी ॥ ॥ रा० ११ ॥ आषाढ आशा करलीयो स जी, विध विध करी उपाव , क्यूं रूठो छे सांवरो स जी, रही छूं मनाय मनाय , इण मास नहीं आवसी स तो, देसूं घर छिटकाय , राम मुनी वंदना करे, धरे चरनमें शीश, राजमति संयम लीयो स जी, जाय मिली जगदीश , शीश तुम सदा नमावो जी ॥ रा० १२ ॥ चमालीस उगणीसको स जी, मिगसर शुकरवार , तीज चौथ सुद भेली तिथ छै, जसरासर सुखकार , बारह मासीयो जोड़ियो स जी, लागी थोड़ी वार, वृद्धी चंदजी गुरुतणो, वरते सदा प्रताप , रामचन्द्र शिष्य तेहनो स जी, जोडकरी धर छाप , जाप, तुम प्रभुनो करोजी ॥ रा० १३ ॥

इति राजुलजी को बारहमासीयो समाप्तम्

ते किम जावो हार ॥ १ ॥ धन दोलत रिद्ध संपदा पाई, पाम्यो भोग रसाल ॥ मोह माया मांहे भूल रेह्यो, जीवा नही लिनी सुरत संभाल ॥ नही लिवी सुरत सभाल, जोवाजी नही लिवी सुरत संभाल ॥ दु०२ ॥ काया तो थांरी कारमी दिसे, दिसे जिन धर्म सार ॥ आऊखो जातां वार न लागे, चेतो क्युंनी गवांर ॥ चेतो क्युंनी गवांर, जीवाजी चेतो क्युंनी गवांर ॥ दु० ३ ॥ योवन वय मांहे धन्धो लागो, लागो हे रमणीरे लार ॥ धन कमाय ने दोलत जोड़ी, नहीं किनो धर्म लिगार ॥ नही किनो धर्म लिगार, जीवाजी नही किनो धर्म लिगार ॥ दु० ४ ॥ जरा आवे ने यौवन जावे, जावे इन्द्रिया विकार ॥ धर्म किया विन हाथ घसोला, परभव खासो मार ॥ परभव खासो मार, जीवाजी परभव खासो मार ॥ दु० ५ ॥ हाथां में कड़ा ने कानामें मोती, गले सोवन की माल ॥ धर्म

जासी शिवपुर मांयजी ॥ अनंत सुखामें डेरो दियो, ज्यांरो हुजासी खेवो पारजी ॥ सु० ६ ॥ थावरवार रे थिरचा हुसो. हु धनवंत नारजी ॥ सेर सेर सोनो पहरती मोत्यां भरती भारजी ॥ सु० ७ ॥ ए सातुंवार सदा सिमरीजे, आ सद्-गुरूकी सीखजी ॥ ए सातुंवार नित नित समरीयां, हुजासी खेवो पारजी ॥ सुणो० ८ ॥

इति सात वार को स्तवन समाप्तम्

नव घाटी को स्तवन लिख्यते

नव घाटी मांहे भटकत आयो, पाम्यो नर भव सार ॥ जेहने वंछे देवता, जीवा ते किम जावो हार ॥ ते किम जावो हार, जीवाजी ते किम जावो हार ॥ दुलभ तो मानव भव पायो,

पांचमी जीव उपदेशकी लावणी

खबर नहीं आ जुगमे पलकी रे ॥ खबर० ॥ सुकृत करनां होय तो कर ले, कौन जाने कलकी ॥ ए आंकणी ॥ या दोस्ती हे जगवास की, काया मंडल की ॥ काया० ॥ सास उसास समर ले साहेब, आयु घटे पलकी ॥ खबर० १ ॥ तारा मंडल रवी चंद्रमा, सब हे चलने की ॥ सब० ॥ दिवस च्यारका चमत्कार ज्युं, वीज-लिया झलकी ॥ खबर० २ ॥ कूड कपट कर माया जोड़ी, करि वातां छल की ॥ करि० ॥ पाप की पोटली बांधी सिर पर, कैसे होय हलकी ॥ खबर० ३ ॥ या जुग है सुपनेकी माया, जैसी बुंद जलकी ॥ जैसी० ॥ विणसंतां तो वार न लागे, दुनीयां जाये खलकी ॥ खबर०

किया वीना एह जीवाजी, आभरण छे सहु-भार ॥ आभरण छे सहुभार, जीवाजी आभरण छे सहुभार ॥ दु० ६ ॥ ए जग है सब स्वार्थ केरा, तेरो नहीं रे लिगार ॥ वार वार सतगुरू समझावे, ल्यो तुमे संजम भार ॥ ल्यो तुमे संजम भार, जीवाजी ल्यो तुमे संजम भार ॥ दु० ७ ॥ संजम लेईने कर्म खपावो, पामो केवल ज्ञान ॥ निरमल हुयने मोक्ष सीधावो, ओ छै साचो ज्ञान जीवाजी ओ छै साचो ज्ञान ॥दु० ८॥ संवत अठारे ने वरस गुणयाशी, हरकेन सिंघजी उल्लास ॥ चेत बद सातम सायपुर में, किनो ज्ञान प्रकाश, किनो ज्ञान प्रकाश, जीवाजी किनो ज्ञान प्रकाश ॥ दूलभ तो० ६ ॥

इति नवघाटी को स्तवन समाप्तम्

शुद्धदेव स्वरूप स्तवन

बुद्ध जन पक्ष पात तज देखो, साचो देव कौन है इनमे (ए टेर) ब्रह्मा दंड कमंडल धारी, स्वांत भ्रांत वश सुर नारीनमे, मृग छाला माला, मुंजी युत विषया शक्त निवास नलिनमें ॥ ॥ बुद्ध जन० १ ॥ विष्णु चक्र धर मदन बांण वश, लज्जा तज रमता गोपीन में, क्रोधानल ज्वाजल महान पुन इनके, होत प्रचंड अरियन में ॥ बुद्ध जन० २ ॥ शम्भु खटवा अंग सहित पुन गिरजा भोग मगन निश दिनमें, हस्त कपाल व्याल भूषण युत रुंड माल, तन भस्म मलीनमें ॥ बुद्ध जन० ३ ॥ श्री अरिहंत परम वैरागी, दोष न लेश प्रवेश न इनमें, भागचंद इनको स्वरूप लख कहो, अब पूज पणो है किनमें ॥ बुद्ध जन० ॥

शुद्धदेव स्वरूप स्तवन समाप्तम्

३ ॥ मात तात सुत बंधव बाई, सब जुग मतलब की ॥ सब० ॥ काया माया नार हवेली, ए तेरी कबकी ॥ खबर० ५ ॥ मन मावत चंचल हस्ती, मस्ती हे बलकी ॥ मस्ती० ॥ सतगुरु अंकुश धरो सीस पर, चल मारग सतकी ॥ खबर० ६ ॥ जब लग हंसा रहे देहमें, खुशियां मंगल की ॥ खुशि० ॥ हंसा छोड चल्या जब देही, मटीथा जंगलकी ॥ खबर० ७ ॥ दया धरम साहेब को समरन, ए वातां सतकी ॥ ए वातां० ॥ राग द्वेष उपजे नहीं जिनकुं, विनती अखमल की ॥ खबर० ८ ॥

इति पाचमो जीव उपदेश की लावणी समाप्तम्

मुनी सिज्झाय लिख्यते

दिन्ना दोहीली आदरीजी, काम भोग फल छंड । सकल पाप दुख पग पगेजी, वेरागे रंग मंड ॥ मुनीसर धन धन ते अणगार ॥ भोग तजी जोग आदरेजी, तेहनी हूं वलिहार ॥ मु० १ ॥ ए टेर ॥ मन वाले भुलो चुकतो जी, न करे ढील लिगार । जाणे न को जग तेहनेजी, कुण हुं कुण ते नार, ॥ मु० २ ॥ करे आतापना आकरीजी, कोमल न करे देह । राग द्वेष तज पाडूवाजी, जिम सुख पामे अछेह ॥ मु० ३ ॥ अग्नि कूंड जल ते पडेजी, अगंध नकुल साप । वम्यो न वछे विष वलीजी, तिम कुल अपनो चग ॥ मु० ४ ॥ धिग धिग तूं जश वांछतोजी, वांछे वम्यो आहार । जीवाथी मरणो भलोजी, निरलज्ज न लाजे लीगार ॥मु० ५ ॥ नारी सारी

धर्म मंगल महिमा नीलो, धर्म समो नहीं कोय, धर्में तुठे देवता, धर्में शिव सुख होय ॥ ध० १ ॥ जीव द्या नित पालीये, संजम सतरे प्रकार, बारे भेदे तप तपे, धर्म तणो ए सार ॥ ध० २ ॥ जिम तरुवरने फूलड़े, भमरो रस ले जाय, तिम संतोषे आत्मा, जिम फूलने पीड़ा नहीं थाय ॥ ध० ३ ॥ इण विध विचरे गोचरी, वेहरे शुद्ध आहार, ऊंच नीच मज्झम कुले, धन धन ते अणगार ॥ ध० ४ ॥ मुनीवर मधुकर समकह्या, नही तृष्णा नहीं लोभ, लाधो भाड़ो दे आत्मा, अण लाध्यां संतोष ॥ ध० ५ ॥ अध्ययन पहेलो दुम्मपुप्फीए रूडा अर्थ विचार, पुन्य कलश शिष्य जेतसी, धर्मे जय जयकार ॥ ध० ६॥

इति मुनी सिज्झाये ढाल पहेली समाप्तम्

दे, एहवा पींड न ले, कृतकड जाणीयेए, सामो नहीं आणीयेए ॥३॥ लेवे न राइभति, न जीमे ग्रहीने पति, रायपिंड न आदरेए, सिज्झातर परिहरेए ॥४॥ राखे न सानिध राय, दानसाला नवि जाय, वाय न वींझणोए, राग न रींझणोए ॥५॥ चोवा चन्दन चंपेल, तन न लगावे तेल, जोवे नहीं आरसीए, ते गुरु तारसीए ॥६॥ खेले न पासा सार, ते किम बोले मार, छत्र नवि शिर धरेए, ग्रहि संगति हरेए ॥७॥ माचा खाट पलंग, तजे चिकित्सा अंग, जूती नवी पगतलेए, जीव दया पलेए ॥ ८ ॥ आदरे तीन रत्न, छोड़े तीन रत्न, कोड कोड मोलनाए, अग्नि जल अंगनाए ॥ ९ ॥ मूल आदा कंद मूल, सचित्त बीजा फल फूल, तजे जिम सेलड़िए, लूण धूपण वड़िए ॥१०॥ वमन विरेचन कर्म, करि न गमावे धर्म, दांते दांतण घसीए, न लगावे मसीए ॥ ११ ॥ पहिरे न हीर

पारकी जी, देख देख मत भूल। वाय झकोल्या तरु पड़ेजी, अथिर हुइस डोलाडोल ॥ मु० ६ ॥ जिम हाथी अंकुश वसेजी, थिर ठाम आवे तेम। राजमती सती बुझोयोजी, ठाम आयो रहनेम ॥ मु० ७ ॥ अध्ययन सामन्न पुफीयेजी, बीजे एह विचार। पुन्य कलस शिष्य जैतसीजी, प्रणमे सुत्र सुखकार ॥ मु० ८ ॥

इति मुनी सिज्झाय ढाल दुजी समाप्तम्

॥ सूधा साधु निग्रंथ, साधे सुगतिनो पंथ, आतम संवरथोए, संवर आदरथोए ॥१॥ दोषण टाले दीख, तेहने एहवी सीख, वीर जिनवर कहेए, मुनीवर सरद्दहेए ॥२ ॥ उदेसिक आदि

दिक्षा चोमालीसमें धारी, मुजने तारजो जी० ॥१॥ प्रथम हुकम मुनी अवतारी, और शिवलाल उदेचन्द भारी। चोथा चोथमलजी गुणधारी, अबतो किर्ती पसरी थांरी, मुजने तारजो जी म्हारा० ॥ २॥ आपतो पंचम पाट बीराजो, बैठ सभामें सिंह ज्युं गाजो। अचारज पदवी पर छाजो, करुणा सागर कृपा सिन्धु मुजने तारजो जी म्हारा० ॥३॥ म्हेतो दरसण कर सुख पाया, म्हेतो वाणी सुणी हर्षाया। म्हेतो हर्ष हर्ष हर्षाया, आपरे चरणा शीश नमाया, मुजने० ॥४॥ अब तो मालव देश पधारो, और मेवाड़ देशने तारो। म्हारी वीनतड़ी अवधारो, म्हेतो सदा दास चरणारो, मुजने० ॥५॥ म्हेतो शहर जोधाणे आया, सम्वत सीतरमे सुख पाया। काती सुद पुनम गुण गाया, केवे जोधकरण चरणारो चाकर, मुजने० ॥६॥

इति

न चीर, शोभा न करे शरीर, पीठ नहीं मांज-णोए, आंखें नहीं आंजणोए ॥१२॥ सूत्रोंमा वावन वोल, वर्जे साधु अमोल, तप क्रिया करेए, पोंहचे शिवपुरीए ॥१३॥ नामेए खुडियार, अध्ययन तीजो सार, अर्थ अनेक छे ए, जेतसी मुनी रुचेए ॥१४॥

इति मुनी सिज्झाय ढाल तीजी सम्पूर्णम

पुज्यश्रीश्री १००८ श्रीलालजी महाराज को स्तवन लिख्यते

म्हारा पुल्य परम उपगारी मुजने तारजोजी, श्री श्रीलाल मुनी परवारी पार उतारजोजी ॥ ए टेर ॥ जन्म्या टोंक नगर मंझारी, ज्यांरी चांदकवर महतारी। पिता चुन्नीलाल अवतारी,

सती वश किया अपने दमकु ॥ सती राजुल० ॥ ने० २ ॥ साज शिवपुर का सब सजीया, कर्म से खुब किया कजिया ॥ मेरे शिरपती शामसूजा, नेम विन और नही दुजा ॥ आभुषण गाते मुज खुचता, जगत का भोग नही रूचता ॥ जगत जन जीता है जिनकुं ॥ स० ३ ॥ नेम गिरनारी हुआ ध्यानी, वात तेरी सब जुग मांहे जाणी ॥ जाप तेरा जपतां पार पावे, अलख जिणदास ख्याल गावें ॥ मुक्त पद दीजे प्रभु हमकुं ॥ स० ४ ॥

फिकर लगी अब मेरे तनमें, नगिना नेम गया वनमें ॥ वात किस आगे कहुं सजनी, पिया विन देही कुं तजणी ॥ पीया पर्वतमें दुःख खमता, महल मंदिर मुज नहीं गमता ॥ शाम में खडो खाय गमकुं, सती राजुल कहती है तुमकुं ॥ नेम विन गुणा, सजन विन गुणा, प्रीतम विन गुणा-तजी हमकुं ॥ सती० ॥ ए आंकणी ॥ १ ॥ सती रथ सजम पर बैठी, भरमणा अन्तरकी मेटी ॥ सती सब सोना तज देती, जगतमें राखो- नही रेती ॥ सती जग पीचे चमा खाता, सती मन आस मुक्त सेती ॥

टाली ॥ मु० ॥ मेरी अनत कालकी प्रीत, पलक नहीं पाली ॥ तुं सुमती को सिरदार, सुणावे मोय गाली ॥ सु० ॥ मे दोनुंड तेरी नार, गोरी एक काली ॥ मुजकुं दुरी ठेल, सुमती को तेडे ॥ सु० च० ३ ॥ अब कुमती को ललचायो, रती नहीं डिगीयो ॥ र० ॥ सुणी सुत्र की सीख, सेठो होय लगियो ॥ चेतन दुर कुमतिके, सेज से भगीयो ॥ से० ॥ जिनराज वचन को ज्ञान, हिया में जगीयो ॥ जिनदास कुमत की वात, खोटी मत खेड़े ॥ खो० च० ॥

इति कुमती सुमती की लावणी समाप्तम

❀सुमती कुमती की लावणी❀

तुं कुमत कलेसण नार लगी किम केड़े ॥ ल० ॥ चल सरक खड़ी रहे दुर, तुजे कुण छेड़े ॥ ए आंकणी ॥ तें सुमता के भरमाय, मुजे किम छोड़ी ॥ मु० ॥ मेरे अनंत काल की प्रीत, पलक में तोड़ी ॥ तुज विन सुनी मेरी सेज, कहु कर जोड़ी ॥ क० ॥ उठ चलो हमारे सग, सुखी रहो पोढी ॥ इम झुर झुर कुमता नार, आंख आंसु रेड़े ॥आं० च० १॥ तेरी नरक नीगोद की सेज, थकी में रूठो ॥ थ० ॥ में सेव्या श्री जिनराज, संग तेरो छुटो ॥ तेरी मुर्ख माने वात, हिया को फुटो ॥ हि० ॥ में सेजे होगयो दुर, तेरा डर तूटो ॥ अब दुर खड़ी कर वात, आव मत नेड़ी ॥ आ० च० २ ॥ तुं सुमता के भरमाय, मुजे किम

भु० ५ ॥ धन्धो करीरे धन जोड़ीयो, लाखा उपर कोड ॥ मरणरी वेला मानवी, लीयो कंदोलो तोड ॥ भु० ६ ॥ लखपती छत्रपती सहु गये, गये लाख वे लाख ॥ गर्व करता रे गोखे वेसता, जल वल होय गइ राख ॥ भु० ७ ॥ म्हारो म्हारो कर रह्यो, थांरो नही रे लिगार ॥ कुंण थांरो तुं केहनो, जोवो हियड़े विचार ॥ भु० ८ ॥ मेमद कहे समजो सहु, सांभल ले जोरे साथ ॥ आपणो लाभ उवारियो, लेखो साहिव हाथ ॥ भु० ६ ॥

इति भुल मन भमरा की सझाय समाप्तम्

भुलो मन भमरा कांइ भम्यो, भम्यो दिवस ने रात ॥ माया रो लोभी प्राणीयो, मरने दुरगत जाय ॥ भु० १ ॥ केहना छोरा केहना वाछरा, केहना माय ने बाप ॥ श्रो प्राणी जासी एकलो, साथे पुन्यने पाप ॥ भु० २ ॥ आशा तो डुंगर जेवड़ी, मरणो पगल्यारे हेट ॥ धन संची सची कांइ करो, करो जीनजीरी भेट ॥ भु० ३ ॥ उलट नदी मारग चालतां, जावुं पेलेरे पार ॥ आगल नहीं हाट वाणियो, सांवल लीजेरे लार ॥ भु० ४ ॥ मुर्ख कहे धन म्हारो, ते धन खरचे न खाय ॥ वस्त्र विना जाय पोढीयो, लखपती लकडारे मांय ॥

रे ॥ सु० ॥ धी० ॥४॥ राघव विन वंछ्यो हुवे रे लाल, सुपनामें नर कोय रे॥सु०॥ तो मुझ अग्नि प्रजालजो रे लाल, नही तर पाणी होय रे ॥सु०॥ धी० ॥ इम कही पेठी आगमें रे लाल, तुरन्त थयो अग्नि नीर रे ॥सु०॥ जाणे द्रह जलसुं भर्‍यो रे लाल, एह सती सिरदार रे ॥ सु० ॥ धीज करीने उतरी रे लाल, साख भरे ससार रे ॥ सु० ॥ धी० ॥७॥ जगमें जस जेहनो घणो रे लाल, अविचल शील सुहाय रे ॥ सु० ॥ कहे जिन हर्ष सती तणा रे लाल, नित नित प्रणमुं पाय रे ॥ सुजान सीता धीज करे मोटी सती रे लाल ॥८॥

इति सीता सतीकी सज्झाय समाप्तम

जल जलती मिलती घणीरे लाल, झालो झाल विचार रे ॥ सुजाण सीता ॥ जाणे केसु फुलियोरे लाल, राता खेर अंगार रे ॥ सुजाण सीता ॥ धीज करे मोटी सतीरे लाल ॥१॥ शील तणे परमाण रे, सुजाण सीता ॥ लछमण राम तिहां खड़ारे लाल, मिलिया राणो राणरे ॥ सुजाण सीता ॥ धी० २॥ स्नान करी निरमल जल सेरे लाल, पावक पासे आयरे ॥सु०॥ उभी जाणे देवांगना रे लाल, विमणो रूप देखाय रे ॥सु०॥ धी० ॥ ३ ॥ नरनारी मिलीया घणारे लाल, उभा बहु अकुलाय रे ॥ सु० ॥ भस्म होसी इण आगमें रे लाल, राम करे अन्याय

खोय गमावे रे ॥चे० बू०॥ हीरो हाथ तो आयो रे ॥ ओ० ६ ॥ तन धन यौवन छिनमें रे छीजे, झूठो गुमांन न कीजे रे ॥ चे० झु० ॥ ऐ जुग सुपनो रे ॥ ओछी० ७ ॥ भटक भटक तूं तो धनकूं रे भटके, ज्ञानसूं मन नहीं, हटके रे ॥ चे० ॥ मुनिराम दरसावे रे ॥ ओछी० ॥ ८ ।

पार न पायो गुरू ज्ञानको, भलो बतायो मार्ग जैनको ॥ पा० ॥ टेर ॥ दान सुपात्र सुनिकूं दीजो, पायो शालिभद्र फल दानको ॥ पा० १ ॥ शील रतन जतन करि रखो, ज्यूं

सटक सटक थारी उमर जावे, बूढापो नेड़ो, आवे रे चेतन भोला, धर्म तूं कर ले रे; ओछी उमरका, आदमी रे तू तो, खरची तो ले ले रे॥ टेर १॥ सटक सटक थारी श्वासा रे जावे, जांणे अंजन उडियो, आवे रे ॥चे०॥ कवी तार ज्यूं तूटे रे ॥ ओछी० २॥ आयु पत्थर तेरा कोयला होय, अंजन रात दिन, दोय रे ॥चे०॥ गुरू सीटी पुकारे रे ॥ ओछी० ३॥ पंचदश पनरा बीस पचीसां, तीस चालीस पचासा रे॥ चे०॥ इस्टेसण जांणो रे ॥ ओछी० ४॥ टिकट उत्तम ग्रामका लेना, हुस्यांरी पूरीसें, रैना रे॥ चे०॥ नहीं व्हादे पर रहना रे ॥ ओ० ५॥ घड़ी घड़ी जावे सो पाछी रे नावे, वृथा क्यूं

❊ बुढ़ेकी ढाल लिख्यते ❊

दोहा.—दयाज माता वीनऊं, गणधर लागुं पाय। वर्द्धमान चौवोसमा, वांदु शीश नमाय ॥१॥ कन्याने जमाइ तणो, पइसो न लीजै कोय। बूढाने परणावतां, गुण बूढारा जोय ॥ २ (ढाल० १) इण पुर कंवल कोई न लेसी (एदेशी०) परदेशां सुं एक सेठज आयो, धन कमायने बहुलो लायो, निरधनरे घर बेटी जाई, कुल कुटुम्ब ने तारण आई ॥ १ ॥ वर्ष इग्यार में बेटी थाई, माय बाप जब हर्ष सवाई। तिन सेठसुं कीवि सगाई, माय बाप फिर बांटे वधाई ॥२॥ रुपया नवसे आकरा लीधा, वट्टेरा फिर पाछा दीधा। करी सगाई ने लीया दाम, कन्या वेची पूरी हाम ॥ ३ ॥ सखरे लगन सावो थपवावे, घर सारु वलि जान बुलावे, वींद वींद रो आयो

सुधरे थांरो मांनखो॥ पा० २॥ तप विना नहीं मोक्ष मिलत है, नष्ट करे कर्म वितानको॥ पा० ३॥ देखो भाव शिरोमण शुद्ध परणांमे, मरू देव्या भरत राजानको ॥ पा० ४॥ जीव अजीव पुन्य पाप बतायो, कीयो आश्रव संवर पिछानको॥ पा० ५॥ निर्जरा वंध क्रिय मोक्ष दिखायो, शासन वतायो वर्धमानको॥ पा० ६॥ रामचन्द्र कहे सतगुरू सच्चा, नाश करयोरे अज्ञानको॥ पा० ७॥

इति उपदेशी सज्झाय समाप्तम्

दुख हु सहु, सोकरो सहु तुं कार। साठ वरसां रो मिलीयो डोकरो, क्यों कर काढुं जमवार ॥ ६ सां० ॥ बूढ़ो तो माता बैठो रहे, बालक पण मर जाय। उणरी कैवत तो ना कोइ करे; इणरी निन्दा लोकां में थाय ॥ ७सां० ॥ धोवला आया ने केस पड़ गया गूगला, गया जवाड़ा वेस। गरदन तो माता डिग डिग करे, आंख्यां गइ मांहे पैस ॥ ८ सां० दोहाः—सेठजी आयो परणवा,ले साथे परिवार। आगल बोले जांगड्या, गावे गीत रसाल ॥ १ ॥ आयने उतरथा वागमे, हुई जीमनरी रींझ। सखी सहेली मन चिन्तवे, चालो देखनने बीन्द ॥ २ ॥ नांक झरे लाला पड़े, नहीं छै आख्यामे जोस। कर्म पातला बीन्दणी तणा, किनने दीजे दोष ॥ ३ ॥ ढाल० ३ (चौपइनी) वुढो बीन्द परणीजन आवे, घोडे चढीयो नाड़ हलावे। दाढ़ी मुछारे कलप लगावे, आगला दांत निजर नही आवे

जो भाई, तीजो भोजग चौथो नाई ॥
(ढाल० २) महलां बैठी राणी कमला
(एदेशी०) बेटी कहे माता तुमे सां
सुनज्यो म्हारी बात। रुपयांरो लालच थे देख
देस्यो म्हने बूढ़ारे हाथ ॥ १ ॥ सांभल हे
माता, अबला बेटी रो जोरज को नही० ॥
करायो हे माता म्हारी, मुगता गिणायो द
आतो खरची थोड़ा कालरी, क्युं चर
थारो काम ॥ २ सां० ॥ माल ले मोटीयार
बापजी, मरोड़ राखे मोरी माय। रुपयां
लालच हुवे घणो, तो परदेसां क्युं नहीं
॥ ३ सां० ॥ मोटी हुवे घरमें डावड़ी, अवर
नड़ीयो भरतार। उनरो तो जीवड़ो रहे ह
मोटो होय जासी दिन चार ॥४ सां० ॥ इ
बरसां री माता डावड़ी, साठ वरसां री
फास। उणरो तो जीवड़ो रहे सोच में, नि
रंडापारी आस- ॥ ५ सां० ॥ सासु सुसरा

जावो घिरत ने वाटी, थांने देखने नित में कूटूं छाती ॥ १ ॥ तूं तो वोले मूढा माहे सुं आंटो, थारा पाडुंली चोफेरा चारु दांतो। तूं तो रहे रहे रे वूढा कांड़ी, थारा शिर सुं फोडुंली हांड़ी ॥ २ ॥ ढाल० ६ ॥ वीर सुनो मोरी वीनती० (एदेशी०) साध नगरीमे आवीया, हुं दरशन नवी जायो जी । आठ पहर दिन रात रो, म्हने धर्म नवी सुहायो जी ॥ १ ॥ पाप उदै तुं नारी मिली० ॥ के मैं तलाव फोड़ावीया, के मैं वाग लगायाजी, आठ पहर दिन रातरा, काचा फल तोड़ीने खाया जी ॥ २ पा० ॥ माखी इली नें अलसीया, लट गिड़ोली घायो जी। ऊंदर विल्ली सुं मरावीया, विलामे ऊना पाणी रेड़ायो जी ॥ ३ पा० ॥ (दोहा) हाथ जोड़ी नारी कहे सांभल कन्त विचार । पूरव पाप मैं किया तुं मिलीयो भरतार ॥ १ ॥ (ढाल० ६) हिव राणी पदमावती (एदेशी०) के मै साध सन्तावीया;

॥ १ ॥ देखै आयने लोक लुगाई, हीरासीवेटीने चाख लगाई, वीन्दणी वरने देखण आई, वरने देखी मुरछा गति पाई ॥२॥ कन्याने हथलेवो दिरायो, वीन्दणी वेह सुं भचेड़ो खायो । देखी वरने कूटे छाती, भलो लायो छे वाह वाह भूंड़ो हाथी ॥ ३ ॥ सेठ परणी ने घर ले जावे, लोक लुगाई देखन आवे । सेठजी कीवी थे सखरी कमाई, वहु गुणवन्ती आई लुगाई ॥ ४ ॥ दोहाः—वलतो सेठजी इम कहे, सांभल सुलचणी नार । घरमें धन छे अति घणा, लाहो लो इणवार १ ॥ ए मन्दिर ए मालीया, सुख भोगवो संसार । पूरव पुण्य पूरो कीयो, मो सरीखो मिलीयो भरतार ॥ २ ॥ कामन अन बोली रही, मनमें आणी राग । थां सरीखी जोड़ी मिली, फूटो म्हारो भाग ३ ॥ (ढाल० ४) पास जिनेसर पूरण आसा (एदेशी) मैं तो मुगती माया खाटी, थे तो खावो घीने बाटी, चुल्हा में

२॥ लांबी कॉचली ने रातो वेश, भूंडो दीससी थारो वेश। नहीं डरुं लि हु करती भॉड़, हुं तो परणी जदरी रॉड़ ॥ ३ ॥ कूडा लेख लिख्या करतार, तूं तो जोडी नहीं छे भरतार। पिता साइना दीसो आप, मैं पूरव ले भव कीयो पाप ॥ ४ ॥ सेठजी आ सुणी सही, रांड़ बात म्हाने इसडी कही। कलह-कारी कजोयेरो मूल, धोला मांहे पड़सी म्हारे धूड़ ॥ ५ ॥ छाती मांहे धमोड़ो लीयो, परणने कामज खोटो कियो। दुखड़ो कहुं किन आगे जाय, नहीं दीसे घरे बाप ने माय ॥ ६ ॥ दोहाः—वात सुणी नारी तणी, ऊठी मनमें झाल। बुढ़ापारो परणवो, हुवो जमारो खराव ॥ १ ॥ (ढाल ८ जत्तनी छे०) सेठ सासुरे पासे आयो, माहें मुजरो कहिवायो। पाछी सासु आशीस केहवाई, दीधी तिहां गादी बिछाई ॥१॥ सेठ सासुने ओलुम्भो कहावे, थांरी बेटीने

के मैं महा सतीयां सन्ताई। के मैं कुड़ा कलङ्क दीया, के मैं विरोध घलाई॥ १ वात सुनो कन्त पाछली० कन्द मूल मैं खाया घना, घरमें दव दीधा। सूंस लीया वीतरागना, कुड़ा कोलज कीधा॥ २ वा०॥ के मैं अंडा फोड्या घणा, माला पंखीना गिराया। केई लीला रुंख वढाईया, वनमें दव लगाया॥ ३ वा०॥ कामन टुंमन मैं कीया, काचा गर्भ गलाया, के जीवाणी ढोल्या घणा, वाल विछोड़ा दिराया ॥ ४ वा०॥ धर्म नेम कीधो नहीं, वहुलो पाप कमायो। पाछला पापरे उदै, वूढो वर मै पायो॥ वा० ५॥ (ढाल ७ जत्तनी देशीमे) धनीज वोले छै कर जोड़, हुं थारा माथारो मोड़। शिखर वन्ध देहरो, ज्युं थारा शिर रो सेहरो। भूखाने भोजन आधार, जीसो नारी ने भरतार॥१॥ पहरो ओढ़ो सब श्रृंगार, मुख उजलो सुहागण नार। म्हने मत कररे तुं भांड़, मो मूवा होय जासी रांड॥

दे धको देने नाखी खाडमें रे, म्हारा गिणाया थे दाम ॥ १ ॥ (पूरीतो न पड़सी हो बेच्यांरा दाम सु॑०) थांरी तो बेची बावा हु॑ विक गईरे, हु॑तो अवला गाय। डर नहीं राख्यो तुमे लोकी-करोरे; हीयो कठोर छै मोरी माय ॥ २ पूरी० ॥ रूपीया मीठा कदै नही जांणज्यो जी, जैसो सोमल जहर। इण भव हूं छुं थांरी डीकरी जी, काढ्यौ पूरवला भव वैर ॥ ३ पूरी० ॥ रोट्यां तो खावो दिन दश गल गलीजी, माथे मु॑जनी पाग, म्है म्हांरे पूठा सीधावसांजी, मत धरो ह्वे मन वैराग ॥ ४ पूरी० ॥ (ढाल १० महला में बैठी राणी कमलावती एदेशी०) बाप कहे बेटी सुनो, बोलो नी बोल विचार। दोरी तो पाली म्हे मोटी करी, दुख देख्या तिणवार ॥ १॥ गुण गावो हे बेटी बापरा० ॥ बारे वर्षा रो हु॑ वर लावतो, वह परदेशां उठ जाय। सासु ने सुसर दगधावता, कुढ़नो करती थांरी

समझावो ॥ बोले मूढ़ा मांहे सुं बांकी, म्हाने कहेरे बुढ़ा डाकी ॥ २ ॥ विना बुलाई पीहर-जावे, मन माने तो घरमें आवें। दिन चढ़ीयां अवेरी ऊठे, अण सोझो अनाज कुटे ॥ ३ ॥ के तो रांधे खीच अलुणो, के धोबो भर घाले लुणो। रोट्यां पुरसती करे तड़का भड़का, पाछो बोलुं तो मोड़े कड़का ॥ ४ ॥ पाणी मांगु तो पटके लोटो, पाछो बोलुं तो ले दौड़े सोटो। माता कहे सुन हे बेटी, इसड़ी किम हुवे तुं धेठी ॥ ५ ॥ माता हुं थारा घरमें आई, तें तो रुपैया सुं चितलाई। तें तो सङ्का राखी नहीं कांई, म्हने बुढ़ाने परणाई ॥ ६ ॥ म्हारा मनसे घणो आईनो, पण तें तो आस्यो दादारो साईनो। पीवें होको ने बोलीने हरडु, जाणे जूत्यां इणरे घरडु ॥ ७ ॥ (ढाल ६ कर्म परीक्षा करण कुमर चल्यौरे एदेशी) बेटी कहे पिताजी सांभलोरे, कीधो खोटो थे काम। म्हने

कपडा ते पहेरती, रहती लोकांरे दास। कपड़ा पहीरेरे तुं सोभती, माजी म्हारे परसाद ॥ २ वे० ॥ पगमें न हुन्ती पोलड़ी, नही हुंती बिछीया पास। तोडा घड़ाया थे वाजणा, मैं पूरी थारी आस॥ ३ वे०॥ तरकारी ने थे तरसता, नहीं कोई घाल तो राव। अब वावाजी जीमे रबड़ीं ते तो म्हारे परताब॥ ४ वे०॥ छाछ मांगन थे जावता, नही कोई घालतो छाछ। अब धोली हुजे वारणे, माता म्हारे परसाद ॥ ५ वे० ॥ भाई बाप विलखा हुंता, रहता लोकॉरे दास। अब मरोड में मावे नही, म्हारा रुपीया रो गुञ्जास ॥ ६ वे० ॥ (ढाल० ११ जत्तनी देशी०) वुढ़ला ने रीसज आवे, इणने लात्यां सुं धमकावै। देखे आण लोक लगाई, नारी तो निची धुन लगाई ॥ १ ॥ बुरा होइज्यो घररा नाई, तिनसुं इसड़ी कीधी सगाई। पूरव भव कीया पाप, इण घर दीधी माय ने

माय ॥ २ गु० ॥ भूख गई ए बेटी थारा तन तणी, हसकर पुजी लु गौर। पाछला पुएय उदै करी, आ मिलीयो छै थाने जोड़ ॥ ३ गु० ॥ जो घरमें धन छै अति घणो, इण धन ने लागो लाय। आघो पाछो देख्यो नहीं, दीनो जनम गमाय ॥ ४ गु० ॥ इसड़ो बेटी तुं क्युं कहे, धनसुं पुरी होसी तेरी हुंस, रुपयां री लालच में देख्या नहीं, बाई थारे गलांरो सूंस ॥५ गु०॥ मनमें तो हुंस होती घणी. कर दीधी नीरास। ज्युं ज्युं पिता दुख देखसुं, त्युं त्युं देसुं दुरास ॥ ६ गु० ॥ दोहाः—माय कहे बेटी सुनो, बोलो बोल विचार। बाबा साहमी तुं बोलती, लाज नही छे लिगार ॥ १ ॥ (ढाल ११ कर मन छुटेरे प्राणीयां एदेशी०) म्हांरा रुपीयां माजी लेइने, घाल्या छै पेटी मांही, आगे भुखज काढता। अब रोट्यां ताजी खाय ॥ १ ॥ बेटी कहे माता सांभलो० ॥ फाटा

वर नही लायो, हीरा रे गल पत्थर लगायो। ओरां रे वर साहमो जोऊं, उठी सवेरे माजी ने रोऊं ॥ ६ ॥ (ढाल० १२ सुगुण सोभागी हो साहिब म्हारा एदेशी०) हाथ जोड़ी ने हुं कहुं कन्त ने, सांभल चतुर सुजान। सोभागी०। संसार दीसे छै सहु कारीमो, सुनो धर्मनी वाण ॥ सो० काज सुधारो हो प्रीतम परलोक नो० ॥ १ ॥ सामायक प्रतिक्रमणो पोसो आदरो, नव तत्व सुं लावो प्रेम। सो०। श्रावक रा व्रत पालो मन सुधे, चीतारो चौवदह नेम ॥ सो० २ का० ॥ शील व्रत आपां दोनुं आदरां, थे तो ऊमर पाई भरपूर ॥ सो० ॥ हीयो तो सरावो हो प्रीतम म्हांरो, तरुण वय में सूर ॥ सो० ३ का०॥ पृथ्वी पाणी तेऊ कायमे, वाऊ वनस्पति माय। सो०। नर्क नीगोदे हो आपां उपन्या, वार अनन्ती आय ॥ सो० ४ का० ॥ मरण सिराणे हो

बाप ॥ २॥ मैं तो खोटी करी कमाई, जारे बुढ़ा लाऐ आई। म्हारी जोड़ी रा मांगन आवता, फिर फिर ने पाछा जावता ॥ ३ ॥ तुं भागमें कठा सुं आयो, तोसुं हथलेवो जुड़ायो। कन्त वाणी सुनी तिसुलो चढ़ायो, आंख्या में पिण लाली लायो ॥ ४ ॥ नीकल रे तुं म्हारे घरसुं बाहर, फिर परणसुंजी दुजी नार। थें तो अकल कठे गमाई, तुं तो ल्यावे छे दूजी लुगाई ॥ ५ ॥ थारी साठी में बुद्ध नाठी, हुं तो आगली कुटूं छाती, म्है थाने दोनुं मिलकर रोस्यां, थारा मूढ़ा सांमो क्यों कर जोस्यां ॥ ६ ॥ बावा रुपयां सुं चित लायो, आपरा कुलने कालो लगायो। जब औ रुपया पूरा पड़ जासी, बावाजी कॉई भाठा खासी ॥ ७ ॥ रूपीयां सेती खोलो भरीयो, परमेश्वर सुं नहीं डरीयो। बावा आगला भवरो दीसे नाई, म्हारा जनम ने चाख लगाई ॥ ८ ॥ जोड़ी रो

लीया, साल्या छे छाति माहोजी। एक दुखरे
चेटी माय तणो, जनम ऊरण नवी थायो जी
॥ ३ मा० ॥ (ढाल० यत्तरी) चेटी चेना कहै सुण
चाई, चिन्ता मत कर तु' वाई, वावल रुपीया
रो चित ल्यावे, नरे बूढ़ा ने परणावे ॥ म्हारा
वावल आगे जोर न हाले, चेटी रो कह्यो न
चाले। वावो कोट्याने परणावे, चेटी नाकां सल
नही लावे ॥ वावै चोरंग्या नें दीधा, चेटी कारो
कुरा नही कीधा। वल्तनी चोले छोटी चाई,
चीन्ता किया गरज न कांई ॥ सखो सहेल्यां
हथाई जोडे, म्हने देखी मु ह मचकौड़ै। चर-
नो नाम लीया हु' लाजु', सखी सहेल्यां में
चोल न गाजु' ॥ (ढाल० जगत गुरु त्रि०)
चीरो कहै वेनड सुनो हे, एकज म्हारी वात।
मात पिता हलकि कहता जि, लाजे आपणि
जात ॥ (हे वेनड़ मनरो रीस निवार०) आपां
दोनु' उपनारे, मातारे गरभज आय। माता

प्रीतम आवीयो, तीन पीछे पड़ी विर माय । सो०
ममता मूको हो इन संसारनी, काम भोग द्यो
छटकाय ॥ सो० ५ का० ॥ (ढाल० १३ सुख
कारण भवियन समरो श्री नवकार एदेशी०)
माता कहे सुन वेटी, मत करो इयां सो वाद ।
इयांरा हुकम में रहिने; चलवो दिनने रात ॥१॥
वालक ने परनीयो, सो तो करगयो काल । वूढ़ा
ने परनियो, हालरियो हुलराय ॥ २ ॥ माजी
सुणज्यो, धरज्यो मनमें राग । थांरो तो कुछ
नहीं विगड्यो, वेटीरा पतला भाग ॥ ३ ॥
(ढाल० १४ अरणक री छै) नंव महीना लग
भार हुं मुई, दुख देख्या तिणवारजी । तातो
शीलो वेटी खायने, गर्भ कियो प्रतिपाल
जी ॥ २ ॥ मां सुं वेटी उरण को नहीं० सील,
चोदरी तोने नीसरी, पड़दे लेई सुवाय जी,
हाथा सुं वेटा तने जीमावती, पावती ठण्ढो
पाणी जी ॥ २ मा० ॥ थारा रूपीया वैठी मे०

अहिलै जनम वीरा खोऊं रे। थे सगलां एको मतो कीयो, किण किणनै वीरा रोऊं रे ॥ स्वा० ६ ॥ (ढाल० काया री वाडी कारमी एदेशी०) भाभी कहे नणदल सुनो, एकज म्हारी बात। बूढारे लारे जावता, हुकम करे दिन रात ॥ नणदल बाई सांभलो नित नवा वस्त्र पहरो, नित नवला करो श्रृंगार, कमी नही किण वातरी, लोपे नही थांरी कार ॥न० २॥ सौ वर्ष पुरा हुसि, रहसि थाहरो राज। धन माल रहसी मोकलो, बैठी ब्योर ज्यौं ब्याज ॥ न० ३ ॥ (ढाल० वैराखौ मुनी ब्राह्मणि एदेशी०) नणदल कहे भाभि सुनो, मोने मत करो भांड, हो थाहरि जागा रो कोई नहीं, मोने चाह ॥ (हो भाभि करम तणि प्रापत पाइये) वलद हुवे जे दुवला, कांधो न नाखे कोई हो। कन्या मुखथि ना कहे, वर लावो म्हारे जोड़ हो ॥ भा० २ ॥ कोई जिमे

दुख देख्या घणाजी, कह्या कठा लग जाय ॥ हे वे० २ ॥ लोकांने कह्या सुणयारे, मत तोडी जे तान, हुं भाई तुं वहनडी रे, म्हारी कह्यो तुं मान हे ॥ वे० ३ ॥ (ढाल०) वेनड़ कहे वीरा सांभलो, वोलो वोल विचारो रे । जे वहनड हुंती नही. तो रहता अकन कवांरो रे ॥ (स्वारथ रातो वीरा सो सगा० १) अैही मां उही वाप जी, तुही वड़ो मांहरो भाई रे, खावण नें मिली रोटड़ी, आख्यां गुदी पाछे आई रे ॥ खा० २ ॥ भाभी मुंड़े वोले नही, देखी मुह मचकोड़े रे। हाव भाव जठे हो रह्या, ऊलटी काड़े म्हारी खोड्या रे॥ स्वा०३॥ नणदोई जीमन आवीयो, मुंढै पड़े लालो रे । लुगाईयां ने भेली करे, देखो वाईरो भरतारो रे ॥स्वा४॥ हुं वालक म्हारी अवस्था, भर जोवन में सारोरे। रुपीयांरो लालच देखीयो, किम काटुं जमवारोरे ॥ स्वा० ५ ॥ मनुप जनम मै पाइयो,

ॐअथ चेतन चेतोरेकी सज्झायॐ

चेतन चेतोरे दश बोल जगतमें मुश्कल मिली यारे चेतन चेतो रे ॥टेर॥ चतुर गतिमें गेद दड़ी, जिम गोता बहुला खायारे। दुलर्भ लाधो मनुष्य जमारो, गुरु समजावे रे॥ चेतन ॥१॥ आरम्भ परिग्रह मांही खुतो, साधुजीना गुण तूं भुल्योरे। तन धन जोवन मांहे रच्यो, गर्भमें फुल्योरे॥ चेतन ॥ २ ॥ स्वार्थ केरा ए प्यारा, सवही के मन भावे रे। निज केरी तो कर्म कमाई, ते संग जावे रे॥ चेतन ॥ ३ ॥ घेवर चोरया घरका खाधा, कुटाणो कदोइ रे। आपणा किया आप भोगवे, इम लो जोइरे ॥ चेतन ॥ ४ ॥ धन जवु जव सुख वेदता, छती रिद्ध छिटकाइ रे। करणी कर गजसुकुमाल मुनीश्वर, मुक्ति पाई

लाडुवा, कोई लुखा वाकस खाय हो, पेलाश मुख देखने, मुर्ख झुरे मन मांही हो ॥ भा० ३॥ (ढाल० जत्तीनी छै) चेटी थारा माथा रो मोड़ो, तो ने इन विन किसड़ि ठोड़ो, इन सुहागण पणा सुं धाई, सामाइक करसूं सदाई ॥ १ ॥ नव तत्व सदा मन धरसुं, तपस्या ने पोसो करसुं। घर सारु दानज देसुं, मन मान्यो कारज करसुं ॥ २ ॥ सम्वत् अठार छत्तीसो आणी, मीगसर वलि मास वखाणी। चन्द फकीर ए वखाणी, सुनज्यो कलजुग नीसाणी॥३॥

गोचरी हूंवारी, न मिले सुजतो आहार हूंवारी लाल ॥ मूल न लिजे असुजतो हूंवारी पिजर हुय गयो गालरे हूंवारी लाल ॥ ढं० ॥ २ ॥ हरी पूछे श्री नेमने हूंवारी, मुनिवर सहेंस अठारें हूंवारी लाल ॥ उत्कृष्टो कुण एहमें हूंवारी, मुजने कहो किरताररे हूंवारी लाल ॥ ढं० ॥ ३ ॥ ढढण अधिको दाखीयो हूंवारी, श्रीमुख नेम जिणंदरे हूंवारी लाल ॥ कृष्ण उमाह्यो वांदवा हूंवारी, धन जादव कुलचन्द रे हूंवारी लाल ॥ ढं० ॥ ४ ॥ गलियारे मुनिवर मिल्या हूंवारी, वांद्य कृष्ण नरेसरे हूंवारी लाल ॥ कोइक गाथापती देखने हूंवारी, उपनो भाव विशेष रे हूंवारी लाल ॥ ढढण० ॥ ५ ॥ मुज घर आवो साधुजी हूंवारी, वहिरो मोदिक सार रे हूंवारी लाल ॥ वेहेरीने पाछा फिरया हूंवारी, आया प्रभुजीने पासरे हूंवारी लाल ॥ ढं० ॥ ६ ॥ मुज लभधे मोदक मिल्या

रे ॥ चेतन ॥ ५ ॥ धर्म जहाज निरञ्जन गुरुजी चढाया, सुकृत जो जो रे। अविचल सुखारी सेल दिखावे, फिर क्यों चुके रे ॥ चेतन ॥ ६ ॥ काम भोग पुद्गल तृष्णा से, ममता भाव मिटावो रे । मगन कहे धन मोटा मुनीश्वर, इम फरमावे रे ॥ चेतन चेतोरे दश वोल जगतमें मुश्कल मिलीया रे ॥ ७ ॥

इति चेतन चेतरोकी सज्झाय सम्पूर्णम्

ढंढण मुनीकी सज्झाय लिख्यते

ढढंण रिखजीने वन्दणा हूंवारी, उत्कृष्टो अणगार रे हूंवारी लाल ॥ अविग्रह कीधो एहवो हूंवारी, लभधे लेशु आहार रे हूंवारी लाल ॥ ढं० ॥ १ ॥ दिन प्रते जावे

❀ रे जीव जिन धर्म कीजिये ❀

जीव जिन धर्म किजीये, धर्मना चार प्रकार॥
ान शील तप भावना, जग मांहे ए
तसार ॥ रे० १॥ वर्ष दिवसने पारणे,
ी आदेसर आहार॥ इक्षु रस प्रतिलाभियो
ी श्रे अंस कुमार रे० २॥ गजभव सशीलो
खीयो, कीधी करुणा सार॥ श्रेणिक नृप
हे आवतर्यो, अंगज मेघ कुमार॥ रे० ३॥
ंपा पोल उघाडीयो, चालणी काढ्यो नीर॥
सती ए सुभद्रा जस थयो, तिणरो शील सधीर॥
रे० ४॥ तपकरी काया रोखवी, अरस निरस
ी आहार॥ वीर जिणंद वखाणियो, धन धन्नो
अणगार॥ रे० ५॥ अनत भावना भावतां,
धरता निर्मल ध्यान॥ भरत आरिसा भवनमें

हूंवारी, मुजने कहो किरपालरे हूंवारी लाल॥ लभध नहींओ वच्छ ताह्यरी हूंवारी, श्रीपति लभध निहालरे हूंवारी लाल॥ ढं०॥ ७॥ तो मुजने कलपे नहीं हूंवारी, चाल्या परठण ठोररे हूंवारी लाल॥ इन्द्र निहाले जायने हूंवारी॥ चूरया करम कठोररे हुंवारी लाल॥ ढं० ॥८॥ आई सुधी भावना हुंवारी, उपनो केवल ज्ञान रे हुंवारी लाल॥ ढंढण रिख मुक्ते गया हुंवारी, कहे जिनहर्ष सुजाणरे हुंवारी लाल ॥ ९॥

से संसार ॥ सो० ॥ २ ॥ गोभद्रशेठ तिहां पूरवे जी रे, नित नित नवला रे भोग ॥ करे सुभद्रा ओवारणा जी रे, सेव करें बहु लोग ॥ सो० ॥३॥ एक दिन श्रेणिक राजियो जी रें, जोवा आव्यो रे रूप ॥ अंग देखी सकोमलां जी रे, थयो मन हरषित भूप ॥ सो०॥४॥ वच्छ वैरागी चिंतवे जी रें, मुज शिर श्रेणिक राय ॥ पूरव पुण्यमें नवि कियां जी रे, तप आदरशुं माय ॥ सो० ॥५॥ इणे अवसरें श्रीजिनवरू जी रे, आव्या नयरी उद्यान ॥ शालिभद्र मन ऊजम्यो जी रे, वांद्या प्रभुजीना पाय ॥ सो० ॥ ६ ॥ वीरतणी वाणी सुणी जी रे, वूठो मेह अकाल, एकेक दिन परिहरे जी रे, जिम जल छंडे पाल ॥ सो० ॥७॥ माता देखी टलवले जी रे, माछलडी विण नीर ॥ नारी सघली पाये पड़े जी रे, मम छडो साहस धीर ॥ सो० ॥ ८ ॥ वहुअर सघली वीनवे जी रे, सांभल सासु

पाया केवल ज्ञान ॥ रे० ६ ॥ एह धर्म सुरतरू समो, एहनी सीतल छांय ॥ समय सुंदर कहे सेवतां, मोक्ष तणा फल पाय ॥ रे० ७ ॥

रे जीव जिन धर्म कीजियेकी सज्झाय सम्पूर्णम

॥ प्रथम गोवालिया तणे भवेंजी रे, दीधुं मुनिवर दान ॥ नयरी राज गृही अवतरयो जी रे, रूपें मयण समान ॥ सोभागी रे ॥ शालिभद्र भोगी रे होय ॥ १ ॥ ए आंकणी ॥ बत्रीश लक्षण गुणे भर्‍यो जी रे, परण्यो बत्रीश नार ॥ माणसने भवें देवनां जी रे, सुख विल

जो रे, गेला ऊठ अबीह ॥ सो० १५ ॥ काल आहेड़ी नित भमे जी रे, पूंठे म जोईश वाट ॥ नारी वन्धन दोरडी जी रे, धव धव छंडे निराश ॥ सो० १६ ॥ जिम धीवर निम माछलो जी रे, धीवरें नाख्यो रे जाल ॥ पुरुप पड़ी जिम माछलो जी रे, तिमहि अचिंत्यो काल ॥ सो० १७ ॥ जोवन भर विहु निसरचा जी रे, पहोता वीरजीनी पास ॥ दीक्षा लीधी रूअडो जी रे, पाले मन उल्लास ॥ सो० ॥ १८ मास खमणने पारणे जी रे, पूछे श्री जिनराज ॥ अमने शुद्धज गोचरी जी रे, लाभ देशे कुण आज ॥ सो० १६ ॥ माता हाथें पारणुं जी रे, आशे तुमने रे आज॥ वीर वचन निश्चय करी जी रे, आव्या नगरी मांज ॥सो० २०॥ घरे आव्या नवि ओलख्या जी रे, फरिया नगरी मझार ॥ मारग जातां महिया रड़ी जी रे। सामी मलि तेणि वार ॥ सो० ॥ मुनि देखी मन उल्लस्युं

विचार ॥ सर छांडी पालें चड्यो जी रे, हंसलो ऊडण हार ॥ सो० ॥ ६ ॥ इण अवसर तिहां नावतां जी रे, धना शिर आंसु पड़ंत ॥ कवण दुःख तुझ सांभल्युं जी रे, ऊंचुं जोइ कहत ॥ सो० ॥ १० ॥ चन्द्रमुखी मृगलोचनी जी रे, बोलावी भरतार ॥ बंधव वात मैं सांभली जी रे, नारीनो परिहार ॥ सो० ॥ ११ धनो भणे सुण गेलड़ी जी रे, शालिभद्र पुरो गमार ॥ जो मन आण्युं छंडवा जी रे, विलंब न कीजे लगार ॥ सो० १२ ॥ कर जोड़ी कहे कामिनी जी रे, बंधव समो नहीं कोय ॥ कहेतां वातज सोहली जी रे, मूकतां दोहली होय ॥ सो० १३ ॥ जारे जा ते इम कह्यो जी रे, तो में छांडी रे आठ॥ पिउड़ामे हसतां कह्युं जी रे, कुणशुं करशुं वात ॥ सो० १४ ॥ इणे वचने धनो निसर्‌यो जी रे, जाणै पचायण सिंह ॥ जइ सालाने साद कर्‌यो

साधु वांदी करी जी रे, पुत्र जोवे निज मात ॥
सो० ॥ २८ ॥ जोई सघली परषदा जी रे, नवि
दीठा दोय अणगार ॥ कर जोड़ी करे विनति जी
रे, भांखे श्रीजिनराज ॥ सो० ॥ २९ ॥ वैभारगिरि
जाइ चड्या जी रे, मुनि दर्शन ऊमंग ॥
सहु परिवारें परवरया जी रे; पहोता गिरिव-
रशृंग ॥ सो० ॥ ३० ॥ दोय मुनि अणसण
उच्चरी जी रे, झीले ध्यान मझार ॥ मुनि
देखी विलखा थया जी रे, नयणें नीर अपार
॥ सो० ॥ ३१ ॥ गदगद शब्दें बोलती जी रे,
मली बत्रीशे नार ॥ पिउड़ा बोलो बोलड़ा जी
रे, जिम सुख पामे चित्त ॥ सो० ॥ ३२ ॥ अमें
तो अवगुणें भरयां जी रे, तुं सही गुण भं-
ड़ार ॥ मुनिवर ध्यान चूका नही जी रे, तेहने
वचनें लगार ॥ सो० ॥ ३३ ॥ वीरा नयणें नि-
हालीयें जी रे, जिम मन थाये प्रमोद ॥ नयण
उघाड़ी जोइयें जी रे, माता पामे मोद ॥

जी रे, विकलित थइ तस देह ॥ मस्तक गो-
रस सूजतो जी रे, पड़िलाभ्यो धरि नेह॥
सो० ॥ २२ ॥ मुनिवर वोहोरी चालीया जी रे,
आव्या श्रीजिनपास ॥ मुनि संशय जइ पूछियो
जी रे, माय न दीधुं दान ॥ सो० ॥ २३ ॥
वीर कहे तुमें साभलो जी रे, गोरस वोहोरयो
रे जेह ॥ मारग मली महियारड़ी जी रे, पूर्व
जन्म माय एह ॥ सो ॥ २४ ॥ पूरव भव जिन
मुखें लही जी रे, एकत्र भावे रे दोय ॥ आहार
करी मुनि धारियो जी रे, अणसण शुद्धज
होय ॥ सो० ॥ २५ ॥ जिन आदेश लही करी
जी रे, चढिया गिरि वैभार ॥ शिला ऊपर जइ
करी जी रे, दोय मुनि अणसण धार ॥ सो०॥
२६ ॥ माता भद्रा संचरयां जी रे, साथें बहु
परिवार ॥ अंतेउर पुत्रज तणो जी रे, लीधो
सघलो साथ ॥ सो० ॥ २७ ॥ समय सरणें
आवी करी जी रे, वांद्या वीर जगतात ॥ सकल

२ ॥ गुणका ग्राहक कोइ नही, अवगुणका ग्राहक ढेर। खोटे खरेका परख नही हे, एही बड़ा अंधेर रे ॥ मे० ३ ॥ इस जगमें कोई नही तेरा, तूं भी किसीका नांही। अपनी बाजी हारी तेने, गोलमालके मांही रे ॥ मे० ४ ॥ चेत सके तो चेत मुसाफर, अभी तो कुछ नही बिगड़ा। खरची पल्ले बांधो प्यारे, मिटे कर्मका झगड़ा रे ॥ मे० ५ ॥ लोभ लहरकी नहर कहरमें, सब दुनिया दुःख पावे। सीधा रास्ता दीसे नांही, उजड़ मार्ग जावे रे ॥ मे० ६ ॥ श्री सुमतिनाथ जिनराज प्रभुका, मैने लिया शरणा। इन्द्र चन्द्रका कहे अवीरा, ध्यान प्रभुका करणा रे ॥ मे० ७ ॥

सो० ॥ ३४ ॥ शालिभद्र माता मोहने जी रे, पोहोत्ता अमर विमान ॥ महाविदेहे सीजशे जी रे, पामी केवलज्ञान ॥ सो० ॥ ३५ ॥ धनो धर्मी मुक्तें गयो जी रे, पामी शुक्ल ध्यान ॥ जे नर नारी गावशे जी रे, समयसुंदरनी वाण ॥ सो० ॥ ३६ ॥

इति श्री शालभद्रजी की सज्झाय सम्पूर्णम्

उपदेशी स्तवन

मेरा पापी जीवड़ा क्यों न भजे जिनराजरे ॥ एटेर ॥ क्या ले आया क्या ले जायगा, सो मूर्ख नहीं बुझे । बांधे आया खोले जायगा, इह तुमकुं नही सुजे रे ॥ मे० १॥ वीतराग तो देव न जाण्यां, सूधा साध न मान्या । केवली भाषत धर्म न धार्यो, फिरे तुं खांचां ताणा रे ॥ मे०

घात थापण मृषा नही करे बुराई रे, ॥ श्रा० ॥ ५ ॥ रात्रि भोजन त्याग आवश्यक, सायंकाल को करता रे, स्तवन सज्झाय वस्तु स्वरूप, ध्यान उर धरता रे ॥ श्रा० ॥ ६ ॥ गुरू पधार्या मयूर मेघवत्. प्रसन्न मन हो जावे रे, दुग्धमे घृत फूल गन्ध, ज्यूं चरणां चित्तलावे रे, ॥ श्रा० ॥ ७ ॥ परोपकारी पर गुणग्राही, देवे चारे तीर्थ ने साता रे, वह श्रावक कर सात आठ भव, मुक्ति पाता रे ॥ श्रा० ॥ ८ ॥ सम्वत उन्नीसे छीयोत्तर. अलवरमें जद आया रे, गुरू प्रसादे चौथमल, श्रावक गुण गाया रे, ॥ श्रा० ॥ ९ ॥

इति श्रावक ऐसा रे का स्तवन समाप्तम्

श्रावक ऐसा रे २ जांका हृदय स्फटिक रत्न हो जैसा रे ॥ श्रा० ॥ टेर ॥ सम्यकत्व रत्न जतनकर राखे, जिन वेणमें राचे रे, बारह व्रतका धारी, साज सुर को नही वंच्छे रे ॥श्रा०१॥ प्रातःकाल प्रमाद टाल, करे सामायिक शुद्ध भावे रे, पंच परमेष्टी स्मरण कर, आवश्यक ठावे रे ॥ श्रा० ॥ २॥ स्तुति मंगल किया बाद, फेर मनोरथ नेम चितारे रे, दिवस उदय आज्ञा दे गुरुने, त्याग वधारे रे ॥ श्रा० ॥ ३ ॥ श्रवण करे गुरु मुखसे सूत्र, विनयवंत हुल-साई रे, भाणे बैठ कर भावे भावना, चित वित सुखदाई रे, ॥ श्रा० ॥ ४ ॥ कपट तजी नीति युक्त श्रावक जी करे कमाई रे, विश्वास-

स्त्री नो अवतारजी, तप करता माया पण किधी, कर्म न गीणी कारजी ॥ ६ ॥ गोसाले संगम ग्वाले, कीधा उपसर्ग घोर जी, महावीरजी ने चीस पड़ावी, कर्म सुं कीसा जोरजी ॥ ७॥ साठ सहस सुतने समकाले, लागे सवलो दुःखजी, सगरराय थयो मुर्छागति, कर्मनी नाशे सुखजी ॥ ८ ॥ वलि संभूमि अति सुख भोगवतो, पट खंड लील विलासजी, सातमी नरक मांहे ले नाख्यो, कर्मनो किसो विश्वास जी ॥ ९ ॥ ब्रह्मदत्त ने आंधो किधो, दीधा दुःख अपारजी, कुरमति कुरमति पड्यो पुकारे, सातमी नरक मझार जी ॥ १० ॥ इन्द्र वख्यान्यो रूप अनोपम, ते विनठ्यो तत्कालजी, सात से वर्ष सही अति वेदना, सनतकुमार करालजी ॥ ११ ॥ कृष्णे कुण अवस्था पामी, दीठो द्वारका दाहजी, माता पिता पण काढ़ी न सक्या, आप रह्यो वन मांहिजी ॥ १२ ॥ राणो रावण

कर्म छत्तीसी लिख्यते

कर्म थकी छुटे नहीं प्राणी, कर्म सकल दुःख खानजी, कर्म तणो वशी पड्यो सहु, कर्म करे ते प्रमाणजी ॥ १ ॥ तीर्थंकर चक्रवर्ती अतुली वल, वासुदेव वलदेवजी, ते पण कर्म विटंव्या कहीए, कर्म सवल नित मेवजी ॥ २॥ मुक्ति भणी उठ्या ते मुनीवर, ते पण चुका केइजी, सतीयां मांही पड्या दुःख वहुला, मत को पाप करेइजी ॥ ३ कुण कुण जीव वीटंव्या कर्मे, तेह तणा कहुं नामजी, कर्म विपाक घणा अति कड़वा, धर्म करो अभिरामजी ॥ ४ ॥ आदीश्वर आहार न पाम्यो, वर्ष सीम कहवाइ जी, खाता पीता दान दियंता, मत करो को अंतराय जी ॥ ५ ॥ मल्लीनाथ तीर्थंकर पाम्यो,

संम्बध जी ॥१८॥ कृष्ण पिताने गुरु नेमीसर, द्वारिका रिद्ध समृद्धी जी, ढंढण ऋषी आहार न पाम्यो, पूर्व कर्म प्रसिद्ध जी ॥ २०॥ आद्र-कुमार महंत मुनीश्वर, व्रत लीधो वैराग जी, श्रीमती नारी सगाते लवध्यो, एऐ कर्म विपाक जी ॥ २१ ॥ सैलक नाम अचारज मोटो, राज पिंड थयो गृद्धजी, मद्य पान करी रहे सुतो, नहीं पडकमणो सुधजी ॥ २२ ॥ कमल प्रभ उत् सुत्र थकी थयो, सावद्या चारज्ज जी, तीर्थंकर ढलमे लग मारया, ए देख्यो अचरज जी ॥ २३ ॥ नंदखेण श्रेणिक नो बेटो, महावीर नो शिष्य जी, बारह वर्ष वेश्या सुं लुवधो, कर्मनी घात अलख्य जी ॥ २४ ॥ भगवंत नो भाणेज जमाली, वीर सुं किधी घेढ़जी, तीर्थंकरना वचन उथाप्या, हुवो जमाल सुर ढ़ेढ़ जी ॥ २५ ॥ रजा साध विरोध उपन्यो, विणठो पोढ़ शरीर जो, भव अनंत भमी दुःख

सबल कहातो, नव ग्रह कीधा दास जी, लछमण लंकागढ़ लुटाणो, दश शिर छेद्या तास जी ॥ १३ ॥ दशरथ राय दियो देसोटो, राम रह्यो वनवास जी, वली वियोग पड्यो सीताने, आठे पहर उदास जी ॥ १४ ॥ चिर प्रतिपाल्यो चारित्र छोडी, लीधो बंधव राजजी, कुंडरीकने कर्म विटंब्यो, कोइ न सर्यो काज जी ॥ १५ ॥ कोणीक कठी पंजर मांही दियो, श्रेणीक अपणो आप जी, नरक गयो नाडी मारंतो, प्रगट्यो हिंसा पापजी ॥ १६ ॥ जसु अठारे मुकट बंध राजा, सेवकरे कर जोड़ जी, कोणीक थी वीहतो राय चेड़ो, कुप पड्यो बल छोड़ जी ॥ १७ ॥ लुबध्यो मुंज मृणवली सुं, उज्जेणी सुं रायजी, भीख मंगावी शुली दियो, करनाट राय कहाय जी ॥ १८ ॥ वांचना पांच सै साधुने देतो, जोगी वटा थयो ग्रंथ जी, अनारज देश सुं मंगल उपन्यो, जोगी वट

ढी, वासपुज्य श्री सुमती प्रसादे, लोक सुखी सहु कोय जी ॥ ३३ ॥ श्री जिनचन्द्र सूरी श्री जिन संघसूर, गच्छपति गुण भरपूर जी, सिंधु जेसलमेरो श्रावक, खरतर गच्छ पंडुरजी ॥ ३४ ॥ सकलचन्द सदगुरू सुपसाये, सोलेसह अढ़ सिद्ध जी, कर्म छत्तीसी मैं किधी, पोष तणी सुद छठजी ॥ ३५ ॥ कर्म छत्तीसी कान सुणीने, करदो वृत पच्चखाण जी, समय सुंदर कहे सिव सुखलय से, धर्म तणी प्रमाणजी ॥३६॥

इति कर्म छत्तीसी सम्पूर्णम्

सहती, दोष देख्याड़ो नीर जी॥ २६॥ सींह
सना घणुं समझावी, तोही न मुंक्या साल जी,
रूपीराय रूल्यो भवमांहे, भुंडे घणुं हवाल जी
॥ २७॥ लख भव सीम रूली, वली लखण
कुवचने बोल्या एम जी, तीर्थंकर पर पीड़ न
जाणी, म्हे थने वारीयो केमजी ॥ २७ ॥ मुझ
जाण मुकी वनमांहे, सुकुमालीका स्वरूप जी,
सारथवाह घर घरणी कीधी, कर्मनो अकल
स्वरूप जी ॥ २८ ॥ रोहीणी साध भणी वेह-
राव्यो, कड़वो तुंबो तेड़ जी, भव अनंत भमी
चोगती में, कर्म न मूंके केड़जी ॥ ३० ॥ इम
मृगांक लेखा मृगावती, समतानीक नी नारजी,
कष्ट पड़ी कमलारति, सुंदर कहता न आवे
पार जी ॥ ३१ ॥ कर्म विपाक सुणी इम कड़वा,
जीव करे जिन धर्म जी, जीव अच्छे कर्म तूं जी
त्यो, पण हीव जीत्यो कर्म जी ॥ ३२॥ श्री
मुलतान नगर मूल नायक, पार्श्वनाथ जिनराय

भोगवीयां छुट, सथल वंध वांध्या जिके ते तो पण भोगवीयां छुट ॥ ७ ॥ पृथ्वी.पाणी अग्नना, वाय वनस्पति जीव, तेहनो आरंभ तूं करे,स्वाद लीधो सदीव ॥ ८ ॥ आधो वोलो वोवड़ो, मृगा पुत्र ज्युं देख, आंगो पांगे तेहने, मारे लोहनी मेख ॥ ९ ॥ वोले नही ते वापड़ो, पिण पीड़ा होय, तेहवी तिर्थंकर कहे, आचारंगे जोय ॥१० ॥ आदो मूलो आद देय, कंदमूल विचित्र; अनंत जीव मूल अग्रमें, पनवना सूत्र ॥ ११ ॥ जीवने स्वाद मारया जिहा- तेह मारसे तुझ, भव मांहे भमता थका, थासे जिहां तिहां मुझ ॥ १२ ॥ जीभे झूठ वोल्या घणा, दीधा कूड़ा कलंक, गल जीभी थासे गले, हुसे मुंहड़ो त्रीवंक ॥ १३ ॥ पर धन चोरे लुटीया, पारयो धसको पेट, भुखो भमें संसारमें, निर्धन थको नेठ ॥ १४ ॥ परस्त्री नी देह भोगवी, तुच्छ स्वाद तूं लेयसी, नरके ताती पुतली, आलिं-

पाप आलोये तूं आपणा. शुद्ध आत्म शाख, आलोयां छुटीये, भगवंतने इन परीभाख ॥ १॥ साल हीये थी काढ़जे, जिम किधा तेम, दुःख देखोस नहीं तर घणा, रूपी लिखमना जेम ॥ २ ॥ वृद्ध गीतार्थ गुरू मिले, आत्मा शुद्ध कीध, तो आलोयन लिजीए, नहीं तर स्यूं लीध ॥ ३ ॥ ओछो अधिको दे जिको, पारका ले पाप, लेनहार छुटे नही, सामो लागे संताप ॥ ४ ॥ किधा तिमको कह नही, जीभ लड़थड़े झूठ, कांटो भांगे आंगुली, खोत्रीजे अंगुठ ॥ ५ ॥ गडर प्रवाही तूं मूकजे, दुपम काल दुरंत, आत्म साख आलोयजे, छेद ग्रंथ कहंत ॥ ६ ॥ कर्म निकाचित्त जे किया, ते तो

वैरी विष दे मारीया, गले फासी दीध, ते तु-
जने पण मारसे, मुकसे वैर लीध ॥ २४ ॥
कोउ अंगीठी तें करी, थाप्यो सिगड़ी कुंड़,
राते दीवो राखीयो, पापे भर्यो पिंड ॥ २५ ॥
माथी विछोड़ा वाछड़ा, नीरी नहीं चारी, ऊनाले
तरसा मुवा, किधी नहीं ज सार ॥ २६ ॥ माय
वापने मान्या नही, सेठ सुं असंतोष, धर्मनो
उपगार नवि धर्यो, उसं कले किम होय ॥२७॥
आंधो तुंटो पांगलो, कोड़ीयो जार चोर, मर्म
फीटी जाना बोल तूं, कह्या वचन प्रमाण कठोर
॥ २८ ॥ मद्यने मांस अभक्ष जे, खाधा हुंसे
हुंस, मिच्छामी दुक्कड़ं देइने, पछे लेजे सुंस ॥
२६ ॥ समायक पोसा किया, लीधा साधुना
वेष, पिण संवेग धर्यो नहीं, कहीं किसी सुं
तूं करेइस ॥ ३० ॥ सुत्र प्रकण समझतां, कह्यो
विपरीत कोय, जन तन छै मत जु जुइ, सुनता
भ्रम होय ॥ ३१ ॥ वचन तिके वीतरागना, ते

घन देयसी ॥ १५ ॥ परिग्रह मेलो अति घणो, इच्छा जेम आकाश, काज सरे नहीं तेहवा; उतराध्ययन प्रकाश ॥ १६ ॥ घाणी घरटी ऊखली, जीव जंतु पाड़ीश, खाम तूं नहीं तर नर्कमें, घाणी मांही पीलीस ॥ १७ ॥ छाना अकारज करी पचे, गर्भ नाख्या पाड़, परमाहामी तेह तूंने, नित नाखसे फाड़ ॥ १८ ॥ गोधा ना नाक वींधीया, खसी किधा वलद, आरंभी उछाड़ीया, राते हुवे शब्द ॥ १९ ॥ वाला काढ्या टांकता, माकड़ खाटला कूट, रेच लइ क्रमी पीड़ीया, गलनो गयो विछुट ॥ २० ॥ राग द्वेष पाम्या नहीं, जहां जीवो तहां सीम, अनंतानबंधी ते थया, कही करीस तूं केम ॥ २१ ॥ तड़ तड़ता नाख्या तावड़े, सुल्या धान जुवांर, तड़फ तड़फ ते मुवा, दया न गइ लिगार ॥ २२ ॥ अनगल पाणी लूगड़ा, धोया नदीय तलाव, जीव सघार कीधो घणो, साबु परस प्रभाव ॥२३॥

तुम सुणिये रे लोको कक्का वत्तीसी हिरदे धारिये ॥ तु० ॥ टेर ॥ कक्का क्रिया कीजीये स रे, क्रिया विना स्यूं ज्ञान; ज्ञान विना क्रिया नहीं स रे, तातें दोय प्रधान रे ॥ तु० ॥ १ ॥ खक्खा खिलव्रत छोड़िये स रे, खिलव्रतमें नही सार, खिलवन खोवे जोगनें स रे, औरही विधना नार रे ॥ तु० ॥ २ ॥ गग्गा गर्व न कीजिये स रे, गर्व कीयां लछ जाय, गर्व करी रावण गल्यो स रे, और दुर्योधन राय रे ॥ तु० ३ ॥ घग्घा घटमें चानणो सरे, कर लो प्यारे लोक; घोर तपस्या कीजिये स रे, मिटे कर्मका रोग रे ॥ तु० ॥ ॥ ४ ॥ चचा चरचा ज्ञानकी सरे, कर लो शास्त्र-प्रमांण; चुगली चोरी छोड़िये

तो सहीज साच, भगवती अंगे जोयजो, वीरनी एह वाच ॥ ३२ ॥ कर्मादान पन्नरे कह्या, वली पाप अढ़ार, चिन चिन थे सहु खाम जो, संसार संभार ॥ ३३ ॥ इण भव परभव एहवा, किधा होवे जे पाप, नाम कहीने खाम जो, करजो पछताप ॥३४॥ खरचो कोइ लागसे नहीं, देह ने नहीं दुःख, मन वैरागे खाम जो, करजो पछताप ॥ ३५ ॥ सम्बत सोल अठाणवे, अहमदपुर मांय, समय सुंदर कहमें करी, आलोयन उछाह ॥ ३६ ॥

इति पाप छत्तीसी सम्पूर्णम्

नर मूढ गिवांर रे ॥ तु० ॥ १२ ॥ तत्ता तत्व
पिछांणिये स रे तरूंण पणो दिन चार; थोड़ा
दिनकी चांनणी स रे, छेवट घोर अंधार रे ॥
॥ तु० ॥ १३ ॥ थत्था थिर रहणा नहीं स रे,
यौवन धन परिवार; आखिर एक दिन जांवणो
स रे, चल्यो जाय संसार रे॥ तु० ॥ १४ ॥ दद्दा
दिलमें राखीये स रे, दया दान दिन रात; दगो
न कीजे केहसूं स रे, धर्म हारकी बात रे ॥ तु०
॥ १५ ॥ धद्धा धर्म ही कीजिये स रे, मनमे धी-
रज राख, ऋतु आयां फल नीपजे स रे; धर्म
विना सब खाख रे ॥ तु० ॥ १६ ॥ नन्ना नर
भव दोहिलो स रे, ताते करो सुधार; खरची
बांधी ऊजली स रे, जिण सूं वेड़ा पार रे ॥ तु०
॥ १७ ॥ पप्पा पंडित पारखा सरे, शके न करतो
पाप, पाप करे छै प्राणियो स रे, भुगते आपो
आपरे ॥ तु० ॥ १८ ॥ फफा फकीरी आदरो
स रे, चलिये खांडे धार; लालचमे फसियो फिरे

स रे, जिण सूं होय कल्याण ॥ तु० ॥ ५ ॥
छच्छा छल नहीं कीजिये स रे, मेटो मनकी छोल;
